


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 268/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 17 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## मनोज सोनी ने PSC के चेयरमैन पद की शपथ ली




**नई दिल्ली।** डॉ मनोज सोनी ने संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया है। वे जून 2017 में PSC के सदस्य बने थे। वैसे भी वे 5 अप्रैल 2022 से यूपीएससी के चेयरमैन का कार्य देख रहे थे। आयोग की वरिष्ठ सदस्य स्मिता नागराज ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।

डॉक्टर सोनी गुजरात में तीन बार कुलपति रहे। डॉक्टर सोनी के नाम सबसे कम उम्र के कुलपति का रिकॉर्ड रहा है। वे अंतरराष्ट्रीय संबंध और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ हैं।

सोनी के बारे में बता दें कि वे एक बार एमएस यूनिवर्सिटी आफ बडौदा के कुलपति और दो टर्म डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी गुजरात के कुलपति के रूप में कार्य कर चुके हैं।

# सिद्धारमैया ही होंगे सीएम

## अकेले लेंगे शपथ, डिप्टी सीएम बनेंगे डीके शिवकुमार



**बैगलूरू, एजेंसी।** के मुख्यमंत्री पद पर तीन दिनों तक चली खींचतान के बाद कांग्रेस ने सिद्धारमैया के पक्ष में फैसला लिया है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक सिद्धारमैया गुरुवार को ही सीएम पद की शपथ लेंगे। उन्हें फिलहाल अकेले ही शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद उनकी कैबिनेट पर विचार होगा। डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं, जिसकी रेस में स्वाभाविक रूप से डीके शिवकुमार हैं। हालांकि वह पार्टी पर दबाव बनाने के लिए कहते रहे हैं कि यदि उन्हें सरकार की कमान नहीं मिली तो वह सिर्फ एक विधायक रहेंगे।

इस बीच हाईकमान डीके शिवकुमार को मनाने में जुटा है। कहा जा रहा है कि आज शाम तक या फिर कल डीके शिवकुमार को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर फैसला हो सकता है। राहुल गांधी फिलहाल डीके शिवकुमार से बात कर रहे हैं और उन्हें राजी किया जा रहा है कि वह डिप्टी सीएम बन जाएं। डीके शिवकुमार को यह भी समझाया गया है कि सिद्धारमैया की उम्र हो गई है और अब आगे वही चेहरा होंगे। इसलिए वह डिप्टी सीएम पद पर राजी हो जाएं और बदले में उन्हें अहम मंत्रालय दे दिए जाएंगे।

### कांग्रेस कर्नाटक में राजस्थान जैसे हालात नहीं पैदा होने देना चाहता

इस तरह कुछ बड़े मंत्रालयों के साथ डीके शिवकुमार डिप्टी सीएम बन सकते हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान कर्नाटक में राजस्थान जैसे हालात नहीं पैदा होने देना चाहता। वहां 2018 में अशोक गहलोत सीएम बने थे और तब से ही सचिन पायलट से उनकी अनबन है। इसका असर इसी साल होने वाले चुनाव में भी दिख सकता है। यही वजह है कि कांग्रेस कर्नाटक में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार सभी को साथ लेकर चलना चाहती है। उससे यह संदेश जाएगा कि डीके शिवकुमार की भी अहमियत है और 2024 में भी एकजुटता से चुनाव लड़ने में मदद मिलेगी।

## हिंदू संगठनों ने किया त्र्यंबकेश्वर मंदिर द्वार का शुद्धिकरण

**नाशिक एजेंसी।** महाराष्ट्र के नाशिक स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक त्र्यंबकेश्वर मंदिर में मुस्लिम युवकों के जबरन घुसने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। इस बीच पूरे मामले में स्थानीय मुस्लिमों का पक्ष भी सामने आ गया है।

स्थानीय मुस्लिम समुदाय का कहना है कि वे हर वर्ष मंदिर के बाहर से ज्योतिर्लिंग को लोबान दिखाने की रीति निभाते आ रहे हैं, लेकिन इसका विरोध पहली बार हो रहा है। नासिक डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष परवेज कोंकणी कहते हैं, मुझे आश्चर्य हो रहा है कि इस बार अचानक ये सवाल क्यों उठाया जा रहा है? त्र्यंबकेश्वर कस्बे के कई हिंदू भी मानते हैं कि स्थानीय मुस्लिमों द्वारा हर वर्ष उर्स के मौके पर ज्योतिर्लिंग को लोबान दिखाने की परंपरा चली आ रही है।

## सौरव गांगुली की बढ़ी सुरक्षा, ममता की पुलिस अब देगी जेट कैटेगरी का प्रोटेक्शन

**कोलकाता ,एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर और बीसीसीआई के पूर्व चेयरमैन सौरव गांगुली की सुरक्षा में इजाफा कर दिया है। अब पश्चिम बंगाल पुलिस उन्हें जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करेगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है।



मल रही जानकारी के मुताबिक, सौरव गांगुली की तरफ से सुरक्षा बढ़ाने को लेकर कोई मांग नहीं की गई थी। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने खुद की इस मामले पर संज्ञान लिया और इसे अपग्रेड करने का फैसला किया है। सौरव गांगुली इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़े हुए हैं। वह डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका में हैं। सौरव गांगुली के सियासत में आने के चर्चे पहले भी होते रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें भगवा पार्टी में शामिल होने का ऑफर भी दिया था। हालांकि, उन्होंने सियासी मैदान में उतरने से इनकार कर दिया था। हाल ही में उन्हें बीसीसीआई अध्यक्ष छोड़ना पड़ा था। इसके बाद से फिर उनके सियासत में आने के चर्चे होने लगे हैं। अब ममता बनर्जी की सरकार के द्वारा सुरक्षा बढ़ाने ने इस कयासबाजी को और तेज कर दिया है।

## गोद ली हुई नाबालिग हिंदू बेटी के साथ मुस्लिम पिता ने किया दुष्कर्म, कोर्ट ने सुनाई 20 साल कैद की सजा

**अलीगढ़ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में इंसानियत को शर्मासार करने का मामला सामने आया है। जहां अलीगढ़ के थाना क्वार्सी इलाके के मंजूरगढ़ी में 7 महीने पहले गोद ली गई करीब 13 वर्षीय नाबालिग हिंदू बेटी के साथ दुष्कर्म के दोषी कथित पिता को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है। यह फैसला एडीजे विशेष पोक्सो सुरेंद्र मोहन राय की अदालत से सुनाया गया है। अवगत कराते चलें कि बिन मां-बाप की बेटी इस घटना के बाद से नारी निकेतन में रह रही है। जानकारी के मुताबिक, अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी महेश सिंह के बताए अनुसार घटना 25 अक्टूबर 2020 की है। जहां इलाके में ही रहने वाले एक सामाजिक व्यक्ति ने क्वार्सी में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी 50 वर्षीय पप्पू और मोहम्मद हसन निवासी बिस्मिल्लाह कॉलोनी मंजूरगढ़ी में 1 बिन मां-बाप की करीब 13 वर्षीय लड़की को गोद लिया था। घटना वाले दिन आरोपी की पुत्रवधू ने उसे बच्ची संग गंदी हरकत करते देख लिया और शोर मचा दिया।

## एलन मस्क नहीं छोड़ेंगे सीईओ का पद! अटकलों को किया खारिज



**ऑस्टिन एजेंसी।** एलन मस्क ने मंगलवार को इन अटकलों को खारिज कर दिया कि वह टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद छोड़ सकते हैं। कंपनी के शेयरधारकों की सालाना बैठक में उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक कार और सौर पैनल कंपनी अब कुछ विज्ञापन करना शुरू करेगी। एक शेयरधारक द्वारा यह सवाल पूछे जाने पर मस्क ने कहा कि वह टेस्ला के प्रमुख का पद नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि, उन्होंने इसपर और चर्चा नहीं की। एक अन्य शेयरधारक ने यह सुझाव दिया कि टेस्ला को अब कुछ विज्ञापन करना चाहिए। इसपर मस्क ने कहा कि वह इसके लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि टेस्ला अपने प्रतिद्वंद्वियों की तरह विज्ञापन के लिए भुगतान करने से बचती है।

## मुख्यमंत्री सीखो - कमाओ योजना' लागू

# अब शिक्षित बेरोजगार को मिलेंगे 10000 रुपए प्रतिमाह



**भोपाल ।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रस्तावित नवीन योजना ÷मुख्यमंत्री सीखो - कमाओं योजना÷ को लागू करने की स्वीकृति दी गई। इसके अंतर्गत, कम से कम एक लाख युवाओं को प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण कराने के उद्देश्य से राशि रूपये एक हजार करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना अंतर्गत 18 से 29 वर्ष के युवा जो मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी है तथा जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा आईटीआई या उच्च है, वे पात्र होंगे। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को 8000 से 10000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेण्ड प्राप्त होगा; स्टाइपेण्ड का 75त्न राज्य शासन द्वारा DBT के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (MPSSDEGB) द्वारा State Council for Vocational Training (SCVT) का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बैठक के बाद कहा कि युवाओं के लिए आज का दिन एतिहासिक है। आइटीआइ, डिप्लोमाधारी, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रीधारी युवा इस योजना के लिए पात्र होंगे। उन्?होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। युवा सीखें और कमाएं, यह योजना का उद्देश्य है। कांग्रेस की कमल नाथ सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का झुनझुना पकड़ाया गया था, लेकिन किसी को भी नहीं मिला। नारी सम्मान योजना को लेकर उन्होंने कहा कि काठ की हांडी एक बार चढ़ती है। कमल नाथ जी लोगों को भ्रमित नहीं कर सकते हैं, वे उन्हें देख चुके हैं। नारी सम्मान योजना के लिए जो रथ चलाए जा रहे हैं, वे कुछ समय बाद खड़े मिलेंगे।

### बेरोजगारी भत्ता की बैसाखी देने के बजाय युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा करेंगे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता बैसाखी है, जो हम अपने युवाओं को नहीं देना चाहते हैं। हम उन्हें कौशल का प्रशिक्षण दिलाकर अपने पैरों पर खड़ा करने का काम करेंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना को आज कैबिनेट में मंजूरी दी गई है। एक अगस्त से युवा काम करना प्रारंभ करेंगे और महीना पूरा होते ही उनके खाते में राशि पहुंच जाएगी। जो युवा योजना के लिए आवेदन करेंगे, उन सभी को अवसर दिया जाएगा। इसके लिए कंपनियों, अस्पतालों, सेवा क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ अनुबंध किया जाएगा।

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना में 18 से लेकर 29 वर्ष तक के मध्य प्रदेश के निवासी युवा भाग ले सकेंगे। इस योजना में 12वीं, आइटीआइ और उच्च शिक्षित युवा लाभान्वित होंगे। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के दौरान 12वीं उत्तीर्ण युवाओं को आठ हजार, आइटीआइ उत्तीर्ण युवाओं को साढ़े आठ हजार, डिप्लोमाधारियों को नौ हजार और स्नातक-स्नातकोत्तर युवाओं को दस हजार प्रतिमाह दिए जाएंगे। योजना के माध्यम से इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स, मैकेनिकल, सिविल, मैनेजमेंट एवं मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, पर्यटन, अस्पताल, रेलवे, साफ्टवेयर डेवलपमेंट सहित अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। 22 मई से छह जून तक मध्य प्रदेश एवं प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में कार्यशाला होंगी। एक जून से 14 जून तक संभागीय स्तर पर कार्यशाला की जाएंगी।



**कमलनाथ की हरी झंडी**

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज भोपाल में अपने आवास से कांग्रेस के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई यह प्रचार रथ कांग्रेश की एवं मुख्यमंत्री कमलनाथ की जन हितेषी योजनाओं का गली मोहल्ला एवं गांव गांव जाकर प्रचार करेंगे इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा तथा अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे

गैंगस्टर-खालिस्तानी टेरर लिंक

## लॉरेंस बिश्नोंई, गोल्डी बराड़ सहित दर्जन भर गैंगस्टरर्स के यहां एनआईए के छापे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आतंक-नशीले पदार्थों के तस्करों और गैंगस्टर-खालिस्तानी टेरर लिंक पर एनआईए का एक्शन जारी है। दिल्ली-एनसीआर समेत हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में 100 से अधिक स्थानों पर तलाशी चल रही है। बता दें कि दिल्ली-हृष्टक्रमें 32, राजस्थान में 18 ठिकानों पर एनआईए का छापा जारी है इसके अलावा पंजाब में भी 65 ठिकानों पर एनआईए की रेड जारी है। बता दें कि गैंगस्टर-टेरर लिंक केस में लॉरेंस बिश्नोंई, गोल्डी बराड़ और नीरज बवाना सहित दर्जन भर गैंगस्टरर्स के यहां एनआईए के छापे जारी है।

एनआईए ने एक बड़े ऑपरेशन में गैंगस्टरों, ड्रग तस्करों और आतंकवादी समूहों के बीच कथित सांठगांठ पर कार्रवाई के तहत छह राज्यों में 100 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी खालिस्तानी तत्वों के साथ संबंधों की भी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, आतंक-नशीले पदार्थ तस्करों-गैंगस्टरों के सांठगांठ के मामलों में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में तलाशी की जा रही थी, आरसी 37, 38, 39/2022/ एनआईए/ डीएलआई। देश में आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में खालिस्तानी समूहों से जुड़े गैंगस्टरों की संलिप्तता का सुझाव देने वाली खुफिया सूचनाओं के जवाब में एनआईए की कार्रवाई सामने आई है।

### एनआइए ने भिंड और बड़वानी जिलों में की छापमार कार्रवाई

**भोपाल।** खालिस्तान आंदोलनऔर आतंकवादी नेटवर्क का गठजोड़ पता करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए ) ने बुधवार सुबह देश के छह राज्यों में 120 से ज?यादा ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए कुछ संदिग्धों को पकड़ा है। मध्य प्रदेश के भिंड और बड़वानी में भी जांच एजेंसी की टीम द्वारा कार्रवाई की है। भिंड में एंडोरी थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में एनआइए की टीम ने दबिश दी और बड़वानी के सेंधवा कस?बे में भी छापामार कार्रवाई की। कुछ संदिग?धों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

**भिंड के शेरपुर गांव में हुई कार्रवाई-** देश भर में पड़े छापे के क्रम में चंबल अंचल के भिंड में भी टीम द्वारा कार्रवाई की गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यहां एंडोरी थाना अंतर्गत शेरपुर गांव से संदिग्ध को उठाए जाने की खबर है। जतेन्द्र सिंह पुत्र नरेन्दर सिंह के यहां बैंक खातों में विदेशी मुद्रा का बड़ा लेनदेन होने के कारण एनआइए की टीम पूछताछ करने पहुंची थी।

### पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के प्रेस सचिव रहे सुनक बाली के घर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली एजेंसी।** बीमा मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के तत्कालीन प्रेस सचिव रहे सुनक बाली के दिल्ली स्थित आवास पर सीबीआई की छापेमारी चल रही है। इस पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एएनआई से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीबीआई इस मामले में शिकायतकर्ता को परेशान कर रही है। वह (सुनक बाली) बिना किसी सरकारी वेतन के जम्मू-कश्मीर में मेरे प्रेस सलाहकार/सचिव थे। सीबीआई की ये छापेमारी सत्यपाल मलिक की शिकायत पर दर्ज इंश्योरेंस घोटाला मामले में हो रही है। कुछ दिनों पहले ही सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के भी बयान दर्ज किये थे।

## गैलरी में टहलते मोदी, दीवारों पर अदाणी की तस्वीरें, कांग्रेस ने पीएम पर यूं कसा तंज

**नई दिल्ली एजेंसी।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव भले ही समाप्त हो गए हों पर इसके साथ ही 2024 की चुनावी बिसात भी बिछ गई है। आने वाले समय में राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर और अधिक आक्रामक हो गए हैं। सोशल मीडिया पर भी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की जुबानी जंग दिख रही है। दोनों ही पार्टियां एक-दूसरे को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इस लड़ाई में दोनों पार्टियों के समर्थक भी जी जान से जुटे हैं।



भाजपा और कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से शेयर की गई बातें अक्सर सुर्खियां बन जाती हैं। ताजा मामला भी कांग्रेस और बीजेपी की सोशल मीडिया वॉर से ही जुड़ा है। दरअसल, कांग्रेस ने मंगलवार को एक ट्वीट किया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर शेयर की गई। इस तस्वीर में दिख रहा है कि उनके दोनों तरफ दीवार पर अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी की तस्वीरें टंगी हैं। पीएम गौर से उन तस्वीरों को देख रहे हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की इस तस्वीर को शेयर करते करते हुए लिखा - मेरी दुनिया।

## पहलवानों का हनुमान मंदिर तक मार्च, बंगला साहिब गुरुद्वारा भी जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पहलवानों और उनके समर्थकों ने बुधवार को यहां कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर तक मार्च किया। पिछले 25 दिनों से जंतर-मंतर पर डेरा डाले हुए पहलवान मंगलवार को हनुमान मंदिर गए। इस मौके पर पहलवानों के साथ भीम आर्मी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के अलावा सैकड़ों समर्थक भी थे। प्रदर्शनकारी पहलवान बुधवार को बंगला साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेकने भी जाएंगे। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता विनेश फोगाट सहित भारत के शीर्ष पहलवान पिछले 25 दिनों से यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वे बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जिन पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।



मार्च के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए बजरंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मामले में हस्तक्षेप करने और महिला पहलवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारी आवाज प्रधानमंत्री मोदी तक नहीं पहुंच रही है। हम उनसे और गृहमंत्री से हमारे लिए न्याय सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। इसलिए हम अनुरोध करते हैं कि इन बेटियों को न्याय दिलाएं। ये भी देश की बेटियां है। उन्होंने कहा, ''हम मंदिर में बजरंग बली का आशीर्वाद लेने आए हैं ताकि हमारे देश की बेटियों को जल्द से जल्द न्याय मिले। विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश ने कहा, ''यह हमारे देश का दुर्भाग्य है। क्या देश की हर लड़की को न्याय पाने के लिए धरना देना पड़ेगा? क्या हम दोषियों को सजा नहीं दे सकते? हमारा देश इतना कमजोर नहीं हो सकता। इस मार्च में शामिल लोगों ने 'हम अपने खिलाड़ियों के साथ हैं और 'बृज भूषण को गिरफ्तार करें जैसे नारों के बैनर हाथों में पकड़ रखे थे।

# 5वीं-8वीं कक्षा के परिणाम में गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के सभी बच्चे सफल




**भोपाल।** इमलिया ग्राम में गुरु गोविंद पब्लिक स्कूल में आठवीं और पांचवी कक्षा के परीक्षा परिणाम में छात्रों ने अच्छी सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। सभी बच्चे बोर्ड की परीक्षा में पास हुए। आठवीं कक्षा में प्रथम डिवीजन में कशिश मीणा ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार राशि विश्वकर्मा 81.1, पलक साहू 80.5, भावना गहलोत ने 79.6 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार पांचवी कक्षा में प्रथम डिवीजन हासिल कर लक्ष्मी लोधी ने स्कूल में सर्वाधिक 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हर्ष कुशवाहा 74.5, गौरी मीणा 74.2, विकास बंजारा ने 69 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में आगे रहे। सभी बच्चे अच्छी डिवीजन से पास हुए। इस मौके पर स्कूल संचालक रविंदर कौर ने बताया कि फर्स्ट टाइम सभी बच्चे स्कूल में पास हुए हैं और बच्चों ने काफी अच्छी मेहनत की। आज मैं बहुत खुश हूं की हमारे स्कूल में पूरे भोपाल एवं मध्य प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है।

# दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर छात्रा का सम्मान



**भोपाल।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश द्वारा छात्रा गौरी श्रीवास्तव पुत्री शिवेश श्रीवास्तव आनंद नगर सागर होम्स निवासी का सम्मान किया गया। छात्रा गौरी ने दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज का गौरव बढ़ाया है आगे भी जो भी समाज के छात्र-छात्राएं जिन्होंने अच्छे अंकों से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है उनको सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कपिल श्रीवास्तव ,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रशांत श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य कनिष्क श्रीवास्तव, तरुण श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य साकेत श्रीवास्तव, उपस्थित रहे।

# केवलराम चैनराय स्कूल की 5वीं एवं 8वीं एमपी बोर्ड का उत्कृष्ट रिजल्ट

**संत हिरदाराम नगर।** केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा पांचवी एवं आठवीं एमपी बोर्ड में अपनी अकादमिक उत्कृष्टता का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस सत्र 2022-23 में कक्षा पांचवी में कुल 129 और कक्षा आठवीं में कुल 33 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। जिनमें से कक्षा पांचवी में 105 और कक्षा आठवीं में 33 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा पांचवी 1 और कक्षा आठवीं में 3 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। कक्षा 5वीं में अक्षत गौतम 90.5, खुशनुमा खान 87.75, अलफिया बी 85.75, कनिष्का जैन 85.75, अनन्या तिवारी 85.5, यश प्रजापति 85.25 और कक्षा 8वीं में रितिक साहू 91.33, कृष्णा रघुवंशी 90.83, ग्रंथ भावसार 90.16, यश साहू 89.33, भूपेंद्र सिंह ठाकुर 88.83, तनिश साहू 88.5, राज नामदेव 86.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि का श्रेय छात्र-छात्राओं ने संत सिद्व भाऊ, माता-पिता और शिक्षकों को दिया। स्कूल के प्राचार्य राजेश लालवानी और विद्यालय प्रभारी मनोहर वासवानी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# शिव-पार्वती विवाह और राम जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

## विट्ठल मार्केट दशहरा मैदान पर चल रही श्रीराम कथा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य विधानसभा क्षेत्र के विठ्ठल मार्केट दशहरा मैदान पर चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को साध्वी डॉ विश्वेश्वरी देवी ने माता पार्वती की तपस्या और उनका भगवान शिव के साथ विवाह का वर्णन सुनाया। उन्होंने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे पार्वती जी ने भगवान शिव को पाने के लिए गौरीकुंड में कई वर्षों तक घोर तपस्या की। तब भगवान शिव ने पार्वती जी को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया। भोलेनाथ और पार्वती जी जगत कल्याण के लिए विवाह सूत्र में बंध गए। कथा के दौरान देवीजी ने बताया कि भगवान शिव भोलेनाथ हैं वे रचनाकार हैं, और जो रचनाकार होते हैं वे संहारक नहीं होते। जब श्री राम जन्म की कथा के गूढ़ रहस्य सुनाए तो श्रोता भाव विभोर हो उठे। भगवान राम के जन्म पर खचा-खच भरे पंडाल में महिलाओं ने बधाई गीत गाए तो श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम के जयघोष से पंडाल गूंज उठा। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान व संस्कार उत्सव समिति के संयोजक डॉ सुरजीत सिंह चौहान ने सपत्नीक व्यासपीठ की पूजा की। कथा में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे महेश चौधरी, श्याम मोहन श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, राकेश चतुर्वेदी कौशल राय, प्रेम गुरु, भगवत रघुवंशी, रमन तिवारी संगीता मिश्रा, विपिन द्विवेदी, पुष्पा केवट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।



# भोपाल का गौरव दिवस मनाने को लेकर रहवासी संघों के साथ हुई बैठक






सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल का गौरव दिवस 1 जून को मनाया जाना है, इसके लिए महापौर मालती राय, कलेक्टर आशीष सिंह सभापति सूर्यवंशी ने संयुक्त रूप से भोपाल के रहवासी संघों के साथ रविंद्र भवन में बैठक आयोजित की। बैठक में आशीष में बताया की भोपाल का गौरव दिवस जन सहभागिता, सहयोग और आम जन का आयोजन बने इसलिए जिले के सभी संस्थाओं, संघों, समाज, धर्मगुरुओं को जोड़ने के लिए इस चर्चा का आयोजन किया जा रहा है।

सभी लोग इस आयोजन से जुड़े और नव उत्साह के साथ भोपाल गौरव दिवस मनाया जाय जिससे यह सबका अपना उत्सव लगे। भोपाल गौरव दिवस पर दो दिवसीय आयोजन किया जाना है। जिसमे नौका दौड़, मैराथन, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वच्छता योद्धा का सम्मान आदि किया जाना । आम जनता की सहभागिता के लिए 31 मई बार 1 जून को आयोजन किया जाएंगे। जिसमे सभी लोग सहभागिता करेंगे। महापौर मालती राय ने कहा को भोपाल का गौरव दिवस प्रदेश में अपनी पहचान बनाएं इसके लिए प्रयास किया जा रहा हैं । कार्यक्रम का सबसे बेहतर आयोजन किया जाएगा इसके लिए शहर में जगह जगह आयोजना किए जाएंगे।

सभापति श्री सूर्यवंशी ने कहा को भोपाल की सांस्कृतिक विरासत को संभालने और बच्चो युवाओं को बताने के लिए गौरव दिवस का आयोजन एक महत्वपूर्ण पड़ाव है इससे हम अपनी गौरवशाली परंपरा ,इतिहास को अगली पीढ़ी तक पहुंच सकते है । इसका आयोजन जन सहयोग और सहभागिता से किया जाना चाहिए इसके लिया सभी लोग आगे आ रहे है रहवासी संघों के उत्साह से भोपाल का गौरव दिवस प्रदेश का एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। बैठक में रहवासी संघों ने भी अपने विचार और सहमति प्रकट की। रहवासी संघों ने संयुक्त विचार अनुसार विशेष सफाई व्यवस्था की जाय सभी लोग स्वच्छता योद्धा के साथ मिलकर सफाई करे। शहर में मुख्य स्थान पर भव्य आतिशवाजी का आयोजना किया जाए।

गौरव दिवस का लोगो जारी किया जाए सभी गाड़ियों और और घरों में उसको प्रदर्शित किया जाए। सभी चौआराहोपर विशेष लाइटिंग और दीप प्रज्वलन की व्यवस्था की जाय। जिले के सभी स्टेंड और हाकर्स कॉर्नर को सजाया जाएगा। स्कूल कालेज के बच्चो को सहभागिता को सामलित किया जाए। शहर में जगह जगह बंधनवार सजाए जाए रंगोली सजाई जाए और एक समान लाइटिंग की व्यवस्था हो ।सभी घरों में दोनो दिन शाम के समय दीपक जाले जाए सोशल मीडिया पर हेस्टेक अभियान मेरा गौरव मेरा भोपाल चलाया जाए. इस प्रकार के कई सुझाव रहवासी संघों की ओर से आए है इसके साथ ही नगर निगम और प्रशासन ने भी अपने विचार और योजना की जानकारी दी।

# ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की एफएलसी वर्कशॉप 20 मई को

**भोपाल ।** ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों की एफएलसी (फर्स्ट लेबल चेकिंग) वर्कशॉप 20 मई को भोपाल में आयोजन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से आए प्रशिक्षकों द्वारा ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि एफएलसी (फर्स्ट लेबल चेकिंग) वर्कशॉप 20 मई को भोपाल में आयोजित किया गया है। इसमें 31 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे. 20 मई को भोपाल में होने वाली वर्कशॉप में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के सचिव श्री मुधसूदन गुप्ता, अनुभाग अधिकारी श्री शिवम अरोरा, ईवीएम नोडल असम श्रीमती ईमली बरूआ, ईवीएम नोडल पश्चिम बंगाल श्री सुमंता रॉय, ईवीएम नोडल पंजाब श्री विपुल उज्जवल शामिल होंगे। 20 मई को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर हॉल में आयोजित होने वाली वर्कशॉप में 31 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। इसमें भोपाल, सीहोर के अलावा 29 जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व उपजिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे।

# दुर्गा नगर एवं अंकुर स्कूल के पास की झुग्गी बस्तियों का होगा कायाकल्प

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह एवं निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 06 नंबर स्टाप अंकुर स्कूल के पास स्थित झुग्गी बस्ती एवं हबीबगंज नाका होशंगाबाद रोड स्थित दुर्गा नगर झुग्गी बस्तियों का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर सिंह ने अंकुर स्कूल के पास स्थित झुग्गी बस्ती एवं दुर्गा नगर सहित अन्य झुग्गी बस्तियों का सर्वे कर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण हेतु विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संदीप केरकेट्टा, मुख्य अभियंता आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह एवं निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने मंगलवार को 06 नंबर स्टाप अंकुर स्कूल के पास स्थित झुग्गी बस्ती एवं हबीबगंज नाका होशंगाबाद रोड स्थित दुर्गा नगर झुग्गी बस्तियों का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अंकुर स्कूल के पास स्थित झुग्गी बस्ती लगभग 1.135 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा हबीबगंज नाका स्थित दुर्गा नगर बस्ती लगभग 1.50 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। कलेक्टर सिंह ने अंकुर स्कूल के पास लगभग 1.135 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित झुग्गी बस्ती एवं हबीबगंज नाका होशंगाबाद रोड पर 1.50 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती का निरीक्षण किया और यहां के रहवासियों को स्वच्छ वातावरण में सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्र का सर्वे कर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने इन बस्तियों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में स्थित झुग्गी बस्तियों का भी सर्वे कर विस्तृत कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिससे अन्य बस्तियों के रहवासियों को भी स्वच्छ वातावरण में सर्व सुविधायुक्त आवास सुविधा सुलभ हो सके।

# विद्युत वितरण केन्द्र पर ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर लगेंगे

**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब स्वीकृत भार से अधिक भार और अनधिकृत विद्युत के उपयोग की रोकथाम के लिए नवीनतम तकनीक पर आधारित ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर के लगने से उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकृत भार से अधिक भार अथवा अनधिकृत विद्युत का उपयोग करने पर ये वितरण ट्रांसफॉर्मर स्वत: ही बंद हो जाएंगे और बिजली सप्लाई भी बंद हो जाएगी। कंपनी द्वारा संबंधित क्षेत्र में अपने रिकार्ड में दर्ज उपभोक्ताओं की संख्या और उनके वैध स्वीकृत भार के आधार पर निर्धारित क्षमता के ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, जिससे संबंधित क्षेत्र में अनधिकृत विद्युत का उपयोग संभव नहीं होगा। कंपनी ने बताया है कि एक वितरण केंद्र जहाँ ट्रांसफॉर्मर फेल होने की दर अधिक थी, वहाँ सभी क्षेत्रों में ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे लागू कर वितरण ट्रांसफॉर्मर बदले जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर से मिलने वाले परिणामों की समीक्षा के बाद कंपनी के अन्य जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसे लागू किया जाएगा। कंपनी ने कहा है की ऑटो कटऑफ वितरण ट्रांसफार्मर लगने से वैध उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होने के साथ ही एक और जहाँ अनधिकृत विद्युत उपयोग की रोकथाम होगी, वहीं दूसरी और कंपनी के राजस्व में वृद्धि भी होगी।

## अनुपयोगी नजूल भूमि को वापस करने के निर्देश

**भोपाल ।** नजूल निर्वतन निर्देश, 2020 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा राज्य शासन के विभिन्न विभागों के कार्यालयों, कार्यस्थलों, योजनाओं या परियोजनाओं के लिए नजूल भूमि का हस्तांतरण किया जाता है। हस्तांतरित भूमि अंशत: या पूर्णत: किसी विभाग के लिए अनुपयोगी है तो नजूल भूमि निर्वतन निर्देश, 2020 की कंडिका 18 के प्रावधानों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा राजस्व विभाग को वापिस करने का निर्णय किया जा सकता है। इस आशय का आदेश राजस्व विभाग ने समस्त कलेक्टर को दिए गये है। केन्द्र सरकार के किसी विभाग या उपक्रम को नजूल भूमियां स्थायी पट्टे पर आवंटित की गयी है। आवंटित भूखंड के सरकारी पट्टेदार के अधिकार एवं दायित्व पट्टे में निबंधन या शर्तों के अध्यधीन है।

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में द केरला स्टोरी की टीम ने विद्यार्थियों से किया संवाद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में चर्चित फिल्म द केरला स्टोरी की स्टार कास्ट ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल शाह, लेखक सूर्यपाल सिंह, एवं अभिनेत्री अदा शर्मा ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) केजी सुरेश कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े एवं फिल्म की प्रशंसा करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। सिनेमा अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो डॉ अविनाश वाजपेई एवं जनसंचार विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ आरती सारंग ने फ़िल्म की टीम का स्वागत किया।

फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कहा कि धन्यवाद जो आपने इस फिल्म को ऐसी जगह पर पहुंचा दिया है कि इसने इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा दो दशकों से चल रहा था, लेकिन किसी ने इस पर काम नहीं किया और न ही हिम्मत दिखाई। श्री सेन ने कहा कि आज यह फिल्म भारत की आवाज़ बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म आतंकवाद के खिलाफ है, मजहब के खिलाफ नहीं है। सुदीप्तो सेन ने विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा वे पहले भी विश्वविद्यालय आ चुके हैं, उन्होंने पत्रकारिता विश्वविद्यालय को नींव बताया। श्री सेन ने कहा कि फ़ल्मि बनाने को लेकर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन पर होटल में अटैक हुआ, उन्हें भागना भी पड़ा। उन्होंने कहा कि आपकी तालियां ही, हमारे लिए आशीर्वाद है और यही असली पूंजी है।

फ़ल्मि के निर्माता विपुल शाह ने कहा कि आप लोगों की वजह से ही आज ये फिल्म इस मुकाम पर पहुंची है। श्री शाह ने कहा कि यह एक रियल स्टोरी है जो तीन लड़कियों की सच्ची कहानी पर बनाई गई है। फिल्म के लेखक सूर्यपाल सिंह ने कहा कि वे मध्यप्रदेश के धार जिले से हैं और यह फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि सच्चाई है। सूर्यपाल ने कहा कि सच को, सच के जैसे कैसे प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की, काफी पुस्तकों का अध्ययन किया।

फ़ल्मि अभिनेत्री सुश्री अदा शर्मा ने कहा कि फिल्म के लिए उन्होंने काफी मेहनत की। उन्होंने कहा की फ़ल्मि की पूरी टीम से उन्हें काफ़ी सपोर्ट मिला । अदा ने कहा कि ये फ़ल्मि आतंकवादियों के खिलाफ है, इसलिए उन्हें फिल्म से समस्या तो होगी ही। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन सिनेमा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ पवित्र श्रीवास्तव ने किया। डीन अदाकमिक प्रो डॉ पी शशिकला द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# यू डाईस एन्ट्री नहीं करने पर 751 शालाओं और मदरसों को नोटिस

**भोपाल ।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल द्वारा 151 अशासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूल सहित 600 प्राथमिक एवं माध्यमिक अशासकीय शालाओं तथा मदरसों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर यू-डाईस विद्यार्थीवार एन्ट्री का कार्य पूर्ण न किये जाने पर मान्यता समाप्त किए जाने तथा संबंधित प्रशिक्षकों को दो-दो वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी दी है । उल्लेखनीय है कि यूनिफाइड डाइस भारत सरकार का महत्वपूर्ण डेटा संकलन प्रपत्र है जिसकी शिक्षा की योजना बनाने एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि सभी अशासकीय शालाओ, मदरसों को ऑनलाइन यूडाइस पोर्टल पर सत्र 2022-23 में विद्यार्थीवार एन्ट्री का कार्य करना अनिवार्य है, किन्तु कई बार लिखित व मौखिक रूप से अशासकीय शालाओं, मदरसों के संचालकों को विद्यार्थीवार एन्ट्री का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये जाने के उपरांत भी उनके द्वारा कार्य को गम्भीरता से नहीं लिया गया । इन अशासकीय शालाओं, मदरसों द्वारा उपरोक्त कार्य को समय-सीमा में पूर्ण न किये जाने से राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी ग्रेडिंग में भोपाल जिला पिछ?ा है । जला परियोजना समन्वयक शिक्षा केन्द्र भोपाल ने बताया कि संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल द्वारा 151 अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री शालाओं जिसमें कई सी.बी.एस.सी. स्कूल यथा सागर पब्लिक स्कूल, सेंट जोसेफ को-एड, कम्फट स्कूल, सिद्धार्थ स्कूल, असनानी स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, ज्ञानगंगा, मदर टेरेसा, संस्कार वेली, देल्ही पब्लिक स्कूल, कोंपल हायरसेकेण्ड्री स्कूल, क्वीन मेरी, केंपीयन स्कूल के अतिरिक्त अन्य कई स्कूल शामिल हैं । इसी तरह जिला परियोजना समन्वयक, भोपाल द्वारा 600 प्राथमिक एवं माध्यमिक अशासकीय शालाओं, मदरसों के संचालकों, प्राचार्यों को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए दो दिवस में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है । उक्त कारण बताओं सूचना पत्र में यह भी उल्लेख है कि यदि उक्त अवधि में यू-डाईस का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनकी मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ देखीं फिल्म द केरला स्टोरी



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से द केरला स्टोरी फिल्म की टीम ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने अंगवस्त्रम भेंट कर टीम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री चौहान ने सपत्नीक ड्राइव इन सिनेमा में द केरला स्टोरी फिल्म देखी। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और मंत्रि-परिषद के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री चौहान ने फिल्म की टीम के सदस्यों का पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया।



भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पंकज चतुर्वेदी के निवास पर पहुंचकर उनके स्व. पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महाकाल लोक के बाद अब सलकनपुर का देवी लोक बनेगा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र

## विंध्याचल पर्वत पर विराजी माता विजयासन देवी के साथ होंगे माता के सभी रूपों के दर्शन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश की पवित्र धरती पर सदैव माँ की कृपा रही है। उज्जैन में भगवान शिव के आशीर्वाद से श्रीमहाकाल लोक विकसित हुआ। अब सीहोर जिले के सलकनपुर में देवी लोक का निर्माण किया जाएगा। आगामी 31 मई को भूमि-पूजन एवं शिला-पूजन कार्यक्रम होने जा रहा है। देवी लोक के निर्माण में जन-जन का योगदान हो, इस उद्देश्य से ग्रामों से ईंट/शिला संकलन का कार्य प्रारंभ हो रहा है, जो माँ के चरणों में अर्पित की जाएंगी। श्रद्धालुओं का यह उत्साह और देवी लोक निर्माण के लिए बना वातावरण मैया की कृपा से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास में ग्राम और नगर स्तरीय आयोजन समितियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने देवी लोक महोत्सव के पूर्व ग्रामों से शिलाएँ एकत्र करने के लिए रथ यात्रा रवाना की। एकत्र शिलाओं का उपयोग देवी लोक के निर्माण के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने सिर पर देवी जी की चरण पादुका रख कर रथ यात्रा के वाहन को सौंपी। मुख्यमंत्री चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान ने भी यात्रा के लिए चरण पादुकाएँ प्रदान की। मुख्यमंत्री चौहान ने देवी लोक महोत्सव की डीपी और पोस्टर का अनावरण किया। लघु फिल्म के माध्यम से देवी लोक निर्माण के प्रकल्प का विवरण दिया गया।

**अनेक सुविधाओं से युक्त होगा सलकनपुर का देवी लोक:** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में सलकनपुर में निर्मित होने वाले देवी लोक का धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व रहेगा। राजधानी भोपाल से नजदीक होने से इस प्रमुख आराधना स्थल में पहुँचने वालों की संख्या लाखों में होती है। अनेक जिलों से श्रद्धालु पद यात्रा करते हुए प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण स्थान सलकनपुर पहुँचते हैं। यहाँ अनेक पर्यटक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। देवी लोक के निर्माण से इन सुविधाओं में वृद्धि होगी और श्रद्धालु मैया के दर्शन के साथ ही विभिन्न सुविधाओं का उपयोग करते हुए यहाँ कुछ समय व्यतीत कर सकेंगे। इस आस्था केन्द्र तक पहुँचने के लिए सीढ़ियों का मार्ग, सड़क मार्ग, रोप-वे आदि उपलब्ध है। देवी लोक के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं के निवास, खान-पान से जुड़ी सुविधाओं में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सिद्ध क्षेत्र सलकनपुर में मूल मंदिर यथावत रहेगा। मैया के नवरूप भी रहेंगे। यही नहीं 64 योगिनी और दुकानों के निर्माण के साथ अन्य व्यवस्थाओं से इस क्षेत्र का महत्व बढ़ेगा।

**शिला एकत्रीकरण, चुनरी यात्राएँ, महिला और पुरूषों की भजन स्पर्धा:** मुख्यमंत्री चौहान ने देवी लोक महोत्सव के लिए 28, 29 एवं 30 मई को होने वाले ग्राम और नगर स्तरीय कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। मुख्य कार्यक्रम 31 मई के पूर्व 28 मई को सभी ग्रामों में शिला एवं चुनरी यात्रा निकाली जाएंगी। %मेरी घर की मिट्टी माँ के चरणों में अर्पित% करने और प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर से ईंट/शिला के संकलन का कार्य होगा। सोमवार-29 मई को रंगोली प्रतियोगिताएं होंगी। इसी दिन माता के श्रंगार के लिए भी प्रतियोगिता होगी। महिला एवं पुरूष भजन मंडल भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को एक लाख 51 हजार, एक लाख और 51 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। महिलाओं की भजन प्रतियोगिता 29 मई और पुरूषों की 30 मई को होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मई के कार्यक्रम में नगर स्तरीय शिला और चुनरी यात्रा के साथ ही यात्रा मार्ग में अलग-अलग समाज और संस्थाएँ स्वागत करेंगे। सलकनपुर में 31 मई को मुख्य कार्यक्रम में भूमि-पूजन एवं शिला-पूजन के साथ धर्मगुरूओं तथा कथावाचकों का सम्मान होगा। वैदिक रीति से स्वस्ति-गान और मंत्रोच्चार भी होगा। आतिशबाजी और भजनों के साथ माता जी की चुनरी, शिला, कलश यात्रा का स्वागत किया जायेगा। रेहटी नगर समिति के सौजन्य से गरबा नृत्य की प्रस्तुति भी होगी।

सांसद रमाकांत भार्गव ने कहा कि 17 से 28 मई तक चरण पादुकाओं के पूजन और उन्हें ग्राम-ग्राम ले जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। ग्रामों के मंदिर से पवित्र मिट्टी मुख्य कार्यक्रम के लिए समर्पित की जाएगी। साथ ही चुनरियाँ भी प्रदान की जाएंगी। इसके लिए ग्राम चौपाल में आयोजन समितियों द्वारा जन-जन की भागीदारी पर चर्चा कर आवश्यक तैयारी भी की जाए। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला बारेला, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत, कार्तिकेय चौहान, कलेक्टर सीहोर प्रवीण सिंह सहित विभिन्न धर्माचार्य, पुजारी, पंडा, ग्राम और नगर स्तरीय आयोजन समितियों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नैक की टीम ने सरोजनी नायडू महाविद्यालय पहुंचकर किया निरीक्षण

**भोपाल।** सरोजनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की अभ्म ने निरीक्षण किया। सुबह 9 बजे महाविद्यालय पहुंची नैक टीम का स्वागत महाविद्यालय के बैड, एन.सी.सी. कैडेट एवं ब्लैक कमांडों द्वारा किया गया। तीन सदस्यों की टीम में डॉ. हेमलता के बगला, वाईस चासंलर किशनचंद चेलाराम कालेज मुबंई, डॉ. राजागुरू सीमी, आई.सी.एस.एस.आर. सीनियर रिसर्च आफिर्सर डिपार्टमेन्ट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिहेब्लिटेशन साइंस तामिलनाडु, डॉ. मालबिका देव, डीन स्कूल ऑफ मेनेजमेन्ट, पुडुचेरी शामिल है। टीम के सदस्यों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शैलबाला सिंह बघेल, आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) के प्रभारी डॉ. मुकेश दीक्षित व संपूर्ण आई.क्यू.ए.सी. सेल के सदस्यों द्वारा किया गया। महाविद्यालय के संपूर्ण विकास का लेखा जोखा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्राचार्य व आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। नैक टीम के सदस्यों ने एल्यूमिनीयाई अभिभावकों व छात्राओं से पृथक से चर्चा की व विभागों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण बुधवार को भी किया जावेगा। महाविद्यालय को नैंक द्वारा मूल्यांकन उपरांत ग्रेड प्रदान किया जावेगा।

# तनाव से बचने के लिए सदैव खुश रहना सीखें: डॉ. दिलीप नलगे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुम्बई के हेल्थ कौसिलर और मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. दिलीप नलगे ने कहा कि सदैव खुश रहने के लिए अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाएँ तथा यह सोचें कि जो हो रहा है वह कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि तनाव को पूरी तरह खत्म करना सम्भव नहीं है किन्तु तनाव प्रबन्धन के द्वारा तनाव को कम करके इसके दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। डॉ. नलगे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सुख शांति भवन, नीलबड़ में आयोजित कर लो स्वास्थ्य मुट्ठी में के दूसरे दिन सकारात्मक विचार विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने तनाव को खत्म करने का सबसे बढिया इलाज राजयोग मेडिटेशन को बतलाते हुए कहा कि इससे आत्मा को पूरा आराम मिलता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर परिस्थिति में खुश रहना सीखें और मेडिटेशन के माध्यम से अपनी आन्तरिक क्षमता को बढ़ाएं। उन्होंने बतलाया कि तनाव दो प्रकार के होते हैं- पाजिटिव और निगेटिव। पाजिटिव स्ट्रेस जीवन के लिए आवश्यक है क्योंकि यह हमें मोटिवेट करता है। हम प्रेरणादायी स्लोगन्स और महापुरूषों के फोटो अपने सामने रख सकते हैं ताकि दिन भर हमें प्रेरणा मिलती रहे। पाजिटिव स्ट्रेस के कारण हमारी रचनात्मक क्षमता बढ़ जाती है। उन्होंने आगे बतलाया कि हमारा मन चार चीजों से मिलकर बना है- विचार, भावनाएँ, दृष्टिकोण और स्मृति अथवा यादें। मन और शरीर के बीच गहरा अन्तर्सम्बन्ध है। इसीलिए मन के विचारों के साथ -साथ जीवन की विभिन्न परिस्थितियों, घटनाओं, व्यक्ति और वस्तुओं के प्रति हमारा दृष्टिकोण तथा पुरानी यादें हमारे स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करती हैं। उन्होंने अवगत कराया कि मन में विचार उत्पन्न होने पर हायपोथेलामस जो कि मस्तिष्क का मुख्य भाग है, से रसायन निकलने लगते हैं। इन्हीं रसायनों के माध्यम से हायपोथेलामस द्वारा संकल्पों की सूचना बहुत ही तीव्र गति से शरीर के विभिन्न अंगों में संचारित होती है। इस प्रकार मन और शरीर के बीच हायपोथेलामस संचार माध्यम की तरह काम करता है।

उन्होंने कहा कि नकारात्मक विचार उत्पन्न होने पर हायपोथेलामस से स्ट्रेस हार्मोन्स निकलते हैं, जो कि मात्र एक सेकण्ड मे शरीर की विभिन्न कोशिकाओं तक पहुँच जाते हैं। जिससे लीवर में आपात स्थिति के लिए संचित कर रखे गए ग्लूकोज का क्षय होता है। फलस्वरूप व्यक्ति थकान, उदासी और हताशा महसूस करता है। मन में बार-बार नकारात्मक विचार आने पर अधिक बार लीवर से ग्लूकोज निकल जाने की दशा मे व्यक्ति गम्भीर बिमारियों का शिकार बन जाता है।

इसके विपरीत सकारात्मक विचारों के परिणामस्वरूप हायपोथेलामस से नैसर्गिक रूप से इण्डोर्फिन नामक द्रव्य स्त्रावित होता है, जो कि जीवन मे कार्य क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उमंग-उत्साह और खुशी का संचार करता है। यही कारण है कि बहुत से लोग 18-20 घण्टे काम करने के बाद भी थकते नहीं हैं बल्कि उर्जा से भूरपूर रहते हैं क्योंकि वे अपने काम में रूचि लेते हैं और घटनाओं के प्रति सकारात्मक होते हैं। इसलिए हमें प्रत्येक दिन की शुरूआत रूचिकर, सकारात्मक ओर उर्जा प्रदान करने वाले कार्यों से करना चाहिए।

# एम्स में एक्मो मशीन के प्रयोग से पहले मरीज का सफलतापूर्वक उपचार



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश के एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान, एम्स भोपाल, में एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन मशीन का उपयोग करके गंभीर एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (ऋष्ठस) से पीड़ित एक 32 वर्षीय महिला मरीज का जीवन सफलतापूर्वक बचाया गया । यह मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि एम्स भोपाल इस क्षेत्र का पहला सरकारी अस्पताल है जिसके पास एक्मो (ईसीएमओ) मशीन है । ईसीएमओ एक जीवन रक्षक तकनीक है जो फेफड़ों और हृदय के कार्यों की नकल करती है । ईसीएमओ मशीन ओपन-हार्ट सर्जरी में इस्तेमाल होने वाली हार्ट-लंग बाय-पास मशीन के समान है । यह रोगी के रक्त को शरीर के बाहर पंप और ऑक्सीजनित करता है, जिससे हृदय और फेफड़ों को आराम मिलता है । ईसीएमओ मशीन की कीमत करीब 60 लाख है और एम्स भोपाल को इस उन्नत तकनीक के अस्पताल में होने पर गर्व है ।

मरीज 27 मार्च 2023 को खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत लेकर एम्स भोपाल आई थी । भर्ती के समय उसके ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर गंभीर रूप से 42त्न पर था, और रेडियोलॉजिकल जांच में गंभीर बीमारी एआरडीएस का पता चला । मरीज को तुरंत पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के तहत रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट (आरआईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसे इंटुबैट किया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया । मरीज की स्थिति में सुधार न होता देख, पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों (डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. अलकेश खुराना) ने कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉक्टरों (डॉ. योगेश निवारिया, डॉ. योगेश निवारिया, डॉ किशन, डॉ सुरेंद्र, डॉ मौली किरण) के सहयोग से ईसीएमओ मशीन द्वारा इलाज शुरू कर दिया ।

मरीज शुरुआती दो हफ्तों के लिए ईसीएमओ पर रही । लंबे समय तक वेंटिलेटरी सपोर्ट के कारण ट्रेकियोस्टोमी भी करनी प?ी। 48 दिनों तक आरआईसीयू में समुचित उपचार के बाद मरीज की हालत मे सुधार होता देख सभी सहायक नलियों को हटाया गया और रोगी अब बिल्कुल ठीक है । इस समय अवधि के दौरान जमीनी स्तर पर नर्सिंग स्टाफ, रेजिडेंट डॉक्टरों और फिजियोथेरेपिस्ट आदि स्टाफ का असाधारण समर्पण देखने को मिला ।

एम्स भोपाल के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी और गर्व व्यक्त किया है । उन्होंने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमने ईसीएमओ तकनीक की मदद से एक जीवन बचाया है, जो मध्य भारत में सरकारी सेटअप में अपनी तरह का पहला है । यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और हमें इस पर गर्व है कि हमारे पास अत्यधिक कुशल टीम है जिसने रोगी को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने के लिए अथक परिश्रम किया । खुद मरीज और उसके परिवार के सदस्यों ने उपचार करने वाली टीम और अस्पताल के प्रति आभार व्यक्त किया । मध्य भारत के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एम्स भोपाल हमेशा अग्रणी रहा है ।

# राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया गोविंद मेला महोत्सव का शुभारंभ

**सागर।** राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राहतगढ़ के स्टेडियम ग्राऊंड में गोविंद मेला महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री राजपूत ने कहा कि मेला हमारी परम्परा और सांस्कृतिक विरासत है इस तरह के आयोजन क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करते हैं इतना ही नहीं मेला लगने से कई लोगों के लिये रोजगार के अवसर भी मिलते है। राजपूत ने मेला संचालकों एवं क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि अधिक से अधिक लोग मेला में आये और आनंद लें। मेला में देश भर से दुकानदार तथा भव्य झूला लगाये गये हैं जिनका लुफ्त बच्चों ने खूब उठाया साथ ही देश प्रदेश के कई बेहतरीन कलाकार मेला में अपनी प्रस्तुति देने के लिये आयेंगे। जिसमें कवि सम्मेलन, बॉलीबुड स्टार नाईट लाफ्टर शो आदि शामिल हैं। कई रंगारंग कार्यक्रम मेला में आयोजित किये जायेंगे। मेला 15 मई से प्रारंभ होकर 29 मई तक चलेगा। इस अवसर पर नगर परिषद राहतग? अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू राय, भाजपा नेता नीरज शर्मा, नगर परिषद के पार्षदगण सहित भाजपा के कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर मिलेगी क्यूआर आधारित ऑडियो गाइड की सौगात

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध विरासत और संस्कृति को पर्यटक अब क्यूआर बेस्ड ऑडियो गाइड से जान सकेंगे। प्रदेश के इतिहास को तकनीक से जोड़ते हुए मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की यह नई पहल है। अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 18 मई को पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर शाम 6 बजे इंदौर के लाल बाग पैलेस में 7 संग्रहालयों में क्यूआर बेस्ड ऑडियो गाइड का शुभारंभ करेंगी। भोपाल के राज्य संग्रहालय और जनजातीय संग्रहालय, इंदौर का लालबाग पैलेस, ग्वालियर का गुजरी महल पुरातत्व संग्रहालय, धुबेला का महाराज छत्रसाल संग्रहालय और उज्जैन के वेधशाला एवं त्रिवेणी संग्रहालय में पर्यटकों को हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में रोचक जानकारी मिलेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से आमजन खास कर युवाओं को जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की नवीन पहल है। प्रदेश के 7 संग्रहालयों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें मोबाइल फोन से स्केन करने पर ऑडियो गाइड के माध्यम से संग्रहालय की सम्पूर्ण जानकारी मिलेगी। इन गंतव्यों का चयन करते वक्त ध्यान रखा गया है कि कोई गाइड प्रभावित न हो। ऐसे ही स्थान चयनित किए गए हैं, जहाँ गाइड की उपलब्धता नहीं है।

उल्लेखनीय है कि टूरिज्म बोर्ड द्वारा सागो संस्था की मदद से कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में पहले से ही यह तकनीक संचालित की जा रही है। साथ ही लाल बाग पैलेस इंदौर में यह तकनीक टेस्टिंग मोड पर है। सागो बडी ऐप के जरिये पर्यटक अपने मोबाईल में क्यूआर कोड स्केन कर इतिहास को ऑडियो फॉर्मेट में सुन सकेंगे। संग्रहालयों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिसे स्केन कर इतिहास, विस्तृत विवरण एवं संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सागो ट्रेवल बडी एक यात्रा एप है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा यात्रा सूचनाओं को मिला कर यात्री और पर्यटकों के अनुभव को बढ़ाया जा सकता है। इस में यात्रियों की आवश्यकता, रुचि, आयु अनुसार विभिन्न भाषाओं में श्रव्य टूर उपलब्ध है। सागो जीपीएस सूचना, क्यूआर कोड, इमेज सर्च और एग्जिबिटनंबर जैसी सुविधा से सूचना उपलब्ध करवाता है।

मोबाईल में प्ले स्टोर पर जाकर सागो बडी एप को डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड करने के बाद आपको भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद सागो बडी ऐप में क्यूआर कोड स्केन करने से पर्यटन स्थल से संबंधित संपूर्ण जानकारी ऑडियो फॉर्मेट में सुनी जा सकेगी।

# शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में वृद्धि के निर्देश दिए है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। दरअसल क्रीड़ा अंशदान से आयोजित होने वाली शालेय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के दैनिक भत्ते एवं गणवेश राशि में यह वृद्धि दर लागू होगी। इन प्रतियोगिता में जो छात्र छात्राएं शामिल होंगे, उन्हें इसी सत्र से बढ़ा हुआ दैनिक भत्ता एवं गणवेश राशि मिलेगी। जारी आदेश के अनुसार क्रीड़ा अंशदान राशि से आयोजित होने वाली जिला एवं संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए दैनिक भत्ता राशि 90 रुपए से बढ़ाकर 135 रुपए एवं गणवेश राशि 450 रुपए से बढ़ाकर 675 रुपए की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि 100 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए एवं गणवेश राशि 500 रुपए से बढ़ाकर 750 रुपए की गई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दैनिक भत्ता राशि 150 रुपए से बढ़ाकर 250 रुपए एवं गणवेश के लिए 1200 रुपए से बढ़ाकर 1800 रुपए की गई है। स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री परमार ने कहा है कि इन भत्तों के बढ़ने से छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा।

# कर्नाटक के नतीजों ने तीसरे मोर्चे का सपना तोड़ा

**अशोक जोशी**

कर्नाटक विधानसभा के चुनावी परिणाम भले ही अप्रत्याशित नहीं हो, लेकिन इसके राजनीतिक परिणाम निश्चित ही अप्रत्याशित हो सकते हैं। इस जीत ने जहां बुझी ही कांग्रेस के मुंह में मिश्री घोलने का काम किया, वहीं इस जीत ने नीतीश कुमार और ममता बनर्जी सहित दूसरे विपक्षी दलों के मुंह का जायका बिगाड़ दिया। इस परिणाम ने विपक्षी एकता और तीसरा मोर्चा बनाने की संभावना को धूमिल करने का काम भी किया। इस जीत ने जहां कांग्रेस को अपने बल पर सरकार बनाने की शक्ति प्रदान की, वहीं उसमें इतना आत्मविश्वास जरूर दिया है कि वह लोकसभा चुनाव में अन्य राज्यों में भी अपने बल पर सत्तारूढ भाजपा को टक्कर देकर सत्ता से बेदखल करने की बेचैनी पैदा कर सकती है।

जरूरी नहीं कि जिस फिल्म के डायलॉग हिट हों, वह फिल्म भी हिट ही होगी। भाजपा के साथ भी यही हुआ। इस चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारकों ने कर्नाटक में आकर एक से बढ़कर एक धांसू डायलॉग बोले, तालियां भी बटोरी लेकिन जब ताली बजाने वाले हाथ जब ईवीएम पर बटन दबाने को उठे तो उन्होंने भाजपा को ठेंगा दिखाते हुए कांग्रेस पर अपना विश्वास जताया। यह भाजपा के लिए सोचने की बात है कि अब वो दिन लद गए जब मतदाताओं को चटपटे भाषणों से लुभाया जा सकता है। आज की जनता जमीनी हकीकत और स्थानीय समस्याओं से ज्यादा रूबरू रहती है। लेकिन, भाजपा ने सिर्फ हवाई किले बांधे और जमीन पर उतरने का प्रयास नहीं किया।

इस चुनाव में कांग्रेस का 40 प्रतिशत वाली सरकार का नारा और फार्मूला चल निकला और भाजपा मुंह देखती रह गई। मतदाताओं ने वास्तव में भाजपा सरकार के दौरान कमीशनबाजी और रिश्वतखोरी को नजदीक से देखा। भाजपा ने उससे दूरी बनाकर सबसे बड़ी गलती की। यही कारण है कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा की विचारधारा को पल्लवित करने वाले प्रधानमंत्री के लच्छेदार भाषणों पर मतदाताओं ने विश्वास नहीं किया। बेहतर होता कि यदि भाजपा चुनाव के दौरान अपनी गलती स्वीकार करती और सार्वजनिक मंच से नई सरकार बनने पर भ्रष्टाचार को खत्म करने का वादा करती। लेकिन, वह कांग्रेस के 40त्न के दांव में फंस गई और सफाई देने की कमी ने उसका सफाया कर दिया।

कर्नाटक के मतदाता शेष भारत के मतदाताओं से ज्यादा समझदार हैं। उन्होंने इस चुनाव में साबित कर दिया कि उन्हें राजनीतिक हथकंडों से बरगलाया नहीं जा सकता। यही कारण है कि जगदीश शेट्टियार सहित भाजपा के जो कद्दावर नेता कांग्रेस सरकार बनने पर इनाम मिलने की गरज से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में गए थे, मतदाताओं ने उन्हें भी बाहर का दर्जा दिखाकर अवसरवादी राजनीति को नकार दिया।

अस्सी के दशक में जब आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की सत्ता में जबरदस्त वापसी हुई थी, एक के बाद एक फ्लॉप फिल्म देने के बाद राजेश खन्ना की फिल्म 'छैला बाबू' सुपर हिट हुई थी। इस फिल्म की सफलता और फिल्मी दुनिया में अपनी शानदार वापसी पर इस फिल्म का पूरे एक पेज का बड़ा सा विज्ञापन एक फिल्म अखबार में दिया गया था। इसमें लिखा था इंदिरा गांधी एंड राजेश खन्ना आर लाइक फीनिक्स विच रिबर्थ फ्रॉम इट्स एशेज (राजेश खन्ना और इंदिरा गांधी उस अमर पक्षी की तरह हैं जो खुद अपनी राख से पैदा हो जाता है) कर्नाटक की जीत पर एक बार फिर यही बात साबित हुई कि जो लोग कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देख रहे थे, जो कांग्रेस की राख को समंदर में प्रवाहित करने का भरम पाले थे, उसी राख से कांग्रेस ने फिर जिंदा होकर साबित कर दिया कि वह फीनिक्स की तरह अपनी राख से दोबारा उठकर खड़ा होने की कूबत रखती है।

इस घटना ने कांग्रेस की इस आस को फिर हरा-भरा कर दिया है कि वह केन्द्र में अपने बल पर अपनी सरकार बना सकती है। इस चुनाव में जेडीएस की करारी शिकस्त ने भी साबित किया कि महानायक ही महानायक होते हैं। जिनकी जगह एक्स्ट्रा कलाकार कभी नहीं ले सकते। इस परिणाम ने साबित किया कि जनता न तो खिचड़ी सरकार चाहती है और न क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व स्वीकार कर सकती है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों की भूमिका नगण्य ही रहने की संभावना है। इस संभावना को कांग्रेस ने बकायदा पढ लिया है, जिससे कांग्रेस को अपने साथ जोड़कर लोकसभा चुनाव की वैतरणी पार करने का सपना देखने वाले क्षेत्रीय दलों को भारी निराशा मिली।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सर्वेसर्वा ममता बनर्जी, बिहार में जेडीयू के नीतीश कुमार, महाराष्ट्र में एनसीपी के शरद पवार, शिवसेना से बिछडे उद्धव ठाकरे, 'आप' के केजरीवाल और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस-भाजपा विरोधी ताकतों को एकजुट कर उसे राजनीति के अखाड़े में पटखनी देने की सोची थी। वे सब आज अपने आपको हारा हुआ मान रहे हैं। क्योंकि, इन परिणामों ने कांग्रेस को सेमीफाइनल खेले बिना सीधे फाइनल में पहुंचा दिया है। इस बात को राजनीति में सेफ खेलने वाले उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पहले ही पहचान लिया था और दिल्ली जाकर नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने के बाद बयान जारी कर दिया कि तीसरे मोर्चे की कोई संभावना नहीं है।

कर्नाटक के परिणामों से यह भी तय हो गया है कि आगामी चुनाव आयपीएल की तर्ज पर देष विदेष के मिश्रित खिलाड़ियों की टीमों के साथ खेले जाने वाले टी ट्वेंटी की बजाए अलग-अलग देशों की अलग अलग टीमों के बीच खेले जाने वाले परंपरागत टेस्ट मैच की तरह ही होगा जिसमें कांग्रेस और भाजपा की प्रमुख टीमें होंगी। इसमें दूसरे दलों से आए खिलाडियों के लिए कोई जगह नहीं होगी । स्वस्थ राजनीति के लिए इसे एक अच्छा संकेत भी माना जाना चाहिए क्योंकि राजनीति एक गंभीर मामला है सर्कस की तरह कोई तमाशा नहीं !

# फूट चुका है न खाऊंगा न खाने दूंगा का गुब्बारा

**निर्मल रानी**





दो करोड़ रोज़गार और सभी के खातों में 15 -15 लाख रूपये डालने जैसी तमाम बातें हवा हवाई साबित हो चुकी हैं। 15 -15 लाख रूपये खातों में डालने वाली चर्चा पर तो स्वयं गृह मंत्री ने यह कह कर विराम लगाने की कोशिश की थी कि %यह तो एक जुमला% था। तभी से कई आलोचक सरकार को %जुमला सरकार% भी कहने लगे हैं। गंगा सफ़ाई,सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था, न खाऊंगा न खाने दूंगा । सरकार दावे भी करती है कि 2014 से लेकर अब तक भ्रष्टाचार में काफ़ी कमी आई है। आए दिन विपक्षी दलों के नेताओं के ठिकानों पर पड़ने वाले ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स विभाग के छापे और कई जगहों पर होने वाली अकूत धन संपत्ति की बरामदगी से ऐसा सन्देश भी जाता है कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिये काफ़ी गंभीर है। कुछ गोदी मीडिया भी ऐसी ख़बरों को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर यह माहौल बनाना चाहता है कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। परन्तु वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुसार यू पी ए सरकार की तुलना में भ्रष्टाचारियों की सज़ा की दर इस सरकार में कम हो गयी है। तथ्य यह है कि 2013 में 1136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया। जबकि 2014 में 993 ,2015 में 878 और 2016 में केवल 71 लोगों को दोषी ठहराया गया। कोई व्यक्ति झूठ बोल सकता है परन्तु तथ्य नहीं। आख़िर भ्रष्टाचारियों को कौन बचा रहा है

हक़ीक़त तो यह है कि वर्तमान सरकार के दौर में सत्ता से जुड़े व सत्ता का संरक्षण प्राप्त कई भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनक़ाब हुए हैं । जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने स्वयं यह कहा कि नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से नफ़रत नहीं है। मलिक ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उनके एक मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले उठाए थे, जिस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय आनन-फ़ानन में उनका तबादला करके मेघालय भेज दिया। यहां तक कि कश्मीर का राज्यपाल होते उन्होंने आर एस एस के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रह चुके राम माधव का नाम लेकर भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर किये। इससे ऊँचे स्तर पर भ्रष्टाचार की मिसाल और क्या हो सकती है ? कर्नाटक चुनाव में भाजपा की पराजय का मुख्य कारण ही राज्य के भाजपा नेताओं पर लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप ही थे। राज्य में यह बात जन जन तक पहुँच चुकी थी कि किसी भी काम के लिये 100 में से 40 रुपए मंत्री-विधायक की रिश्वत निर्धारित थी।

वह कर्नाटक ही था जहां चुनाव से कुछ ही समय पूर्व भाजपा के तत्कालीन विधायक मदल विरुपक्षप्पा के एक अधिकारी स्तर के पुत्र प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया। भाजपा विधायक पुत्र प्रशांत कुमार कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के 2008 बैच का अधिकारी है । उसने साबुन और अन्य डिटर्जेंट बनाने के लिए कच्चे माल को ख़रीदने की डील के लिए एक ठेकेदार से 80 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। परन्तु ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से कर दी। लोकायुक्त अधिकारियों ने विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कोकर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा और उसे गिरफ़्तार कर लिया। इसके बाद लोकायुक्त ने के एस डी एल के कार्यालय व प्रशांत के घर पर छापा मारा तो वहाँ से 8 करोड़ रूपये नक़द बरामद हुये। ग़ौरतलब है कि भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा स्वयं के एस डी एल के प्रमुख थे जबकि उनका बेटा बंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड में मुख्य लेखाकार है। परन्तु विधायक पिता जिस सरकारी कंपनी का अध्यक्ष था उसका बेटा उसी कंपनी के काम के लिये रिश्वत लेता था।

भ्रष्टाचार के इसतरह के और भी कई मामले कर्नाटक में ही उजागर हो चुके थे। अन्यथा जब चुनाव में भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे थे उस समय वह इन आरोपों का सामना करने के बजाये बजरंगबली,91 गालियां व साम्प्रदायिकता का ज़हर फैलाकर वोट न मांगती। गत वर्ष 30 अक्टूबर 2022 को गुजरात के मोरबी नगर में मच्छु नदी पर बना झूला पुल टूट गया था। इस हादसे में कम से कम 135 लोग अपनी जानें गँवा बैठे थे और क़रीब 200 लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। यह घटना भी घोर भ्रष्टाचार का ही नतीजा थी। अभी कुछ दिनों पहले ही किरण पटेल नाम का एक गुजरात का ही व्यक्ति प्रधानमंत्री कार्यालय का फ़र्ज़ी अफसर बनकर जम्?मू कश्?मीर में ज़ेड प्?लस सुरक्षा लेकर घूमते पकड़ा गया था। जब इस ठग को लेकर गुजरात मुख्?यमंत्री कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या के पुत्र अमित का बिज़नेस पार्टनर होने की बात सामने आई उसी समय पांड्या ने अपने पद से इस्?तीफ़ा दे दिया। जनसंपर्क अधिकारी हितेश पंड्या लगभग 2 दशक से गुजरात के मुख्?यमंत्री कार्यालय से जुड़े थे। आरोप है कि वे यहां बैठकर अपने एनजीओ नेशन फ़र्स्ट फ़ाउंडेशन के लिए धन जुटाते थे। और इसी एनजीओ के माध्?यम से किरण पटेल विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर बड़ी हस्तियों से सांठगांठ करता था । ये दोनों सीसीटीवी से जुड़ा व्यापार भी करते हैं। अहमदाबाद पुलिस में किरण पटेल के विरुद्ध एक वरिष्ठ नागरिक का बंगला हड़पने के मामले में प्राथमिकी भी दर्ज है। उसने बंगले का नवीनीकरण कराने के नाम पर एक बुज़ुर्ग से 35 लाख रूपये ऐंठ लिए तथा बाद में ख़ुद ही उस मकान में क़ब्ज़ा जमाकर रहने लगा। क्या ऐसे ठगों को बिना सत्ता संरक्षण के ज़ेड प्लस सेक्युरिटी और तमाम सरकारी व पांच सितारा सुविधायें मिलना संभव हैं ?

इन दिनों संजय राय शेरपुरिया नामकएक सफ़ेद पोश ठग का नाम चर्चा में है। शेरपुरिया पर भारतीय स्टेट बैंक से 350 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोप है। ख़बर तो यह भी है कि उसने रेस कोर्स रोड पर घर ले रखा था और उसका वाईफ़ाइ नेटवर्क भी पीएमओ वाला ही था। आश्चर्य है कि शेरपुरिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर लोगों को लूट रहा था और पीएम को पता तक नहीं चला? कहा तो यह भी जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस ठग से 25 लाख रुपये का क़र्ज़ लिया है। यूपी एसटीएफ ने करोड़ों रुपये की ठगी के एक मामले में ठग संजय राय शेरपुरिया का भंडाफोड़ करते हुए उसे गिरफ़्तार किया है। अब इन रुपयों, और उसके कथित एनजीओ की जांच में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय भी सक्रिय हो चुकी है। ईडी ने दिल्ली, बनारस, लखनऊ और ग़ाज़ीपुर जैसे चार शहरों में संजय के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी के छापे मारी में शेरपुरिया की कंपनियों और उसके एनजीओ यूथ रूरल एंटरप्रिन्योर फाउंडेशन से जुड़े दस्तावेज़ बरामद किए गए हैं। ऐसे और भी अनेक उदाहरणों से यह स्पष्ट हो चुका है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा का गुब्बारा दरअसल अब फूट चुका है।



# अब चुनाव तो बस, आर्थिक सरोकार का लेन-देन है

**राकेश दुबे**

आगामी विधानसभाओँ और लोकसभा चुनाव के पहले ही यह प्रश्न उपस्थित हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 'अजेय' हैं? भाजपा जिस मोदी नाम केवलम के सहारे चुनावी वैतरणी पार कर दिल्ली के सिंहासन पर निष्कंटक राज्य का दिवास्वप्न देख रही थी उसे यह समझ आ जाना चाहिए कि उसके नेतृत्व के धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा को चुनावी पराजय दी जा सकती है। जो कर्नाटक के जनादेश से साबित हो गया है।

यह तर्क ऐसा भी नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल के अनवरत कार्यकाल के कारण उनकी छवि में ठहराव आया है अथवा उनके प्रति मोहभंग होने लगा है। कर्नाटक में भाजपा के पक्ष में 36 प्रतिशत से अधिक वोट आए हैं। उसका साफ अर्थ है कि न तो भाजपा के खिलाफ प्रचंड सत्ता-विरोधी लहर थी और न ही मतदाता उसके प्रति उदासीन हुआ है। बीते चुनाव 2018 में वोट प्रतिशत इससे कम ही था और कांग्रेस को 38.4 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन सीटों के मामले में वह भाजपा से पिछड़ गई थी। अब यह समय खुद प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व के लिए गहरे आत्ममंथन और विमर्श का है कि ÷हिन्दुत्व के आधार पर ध्रुवीकरण के लिए आजमाए गए मुद्दों के बजाय किन मुद्दों पर आगामी चुनाव लडने़ हैं और अंतत-2024 के आम चुनाव की चुनौती को कैसे जीतना है? इसी साल तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं, जहां भाजपा हिन्दुत्व की ही जमीन पुख्ता कर रही है। वैसे भाजपा को सिर्फ हिन्दुत्व की जगह उन मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए, जो आम आदमी की जेब से सीधा जुड़े हैं।

कर्नाटक में 84 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दू हैं, लेकिन वे जातियों, वर्गों और समुदायों में बंटे थे । कर्नाटक चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 'बजरंग बली की जय' बोली और जनता से उद्घोष भी कराया। उन्होंने यहां तक कहा कि पहले 'बजरंग बली की जय' बोलना और फिर वोट का बटन दबाना। रोड शो के दौरान भी एक व्यक्ति को भगवान हनुमान का प्रतिरूप बनाकर पेश किया गया। सडक़ से लेकर मंदिरों तक 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया गया। फिर भी इतने वोट नहीं मिल सके कि भाजपा जीत जाती। इसके अलावा राम मंदिर, टीपू सुल्तान, हिजाब, हलाला, केरल स्टोरी, लव जेहाद और मुस्लिम आरक्षण आदि मुद्दे भी गूंजते रहे। भाजपा की रणनीति थी कि ऐसे मुद्दों पर हिन्दू तल्ख प्रतिक्रिया करेंगे और भाजपा के पक्ष में लबालब वोट करेंगे। यह रणनीति बिल्कुल नाकाम रही। मतदाताओं ने इसे सिरे से नकार दिया। दरअसल हिन्दुओं ने ही हिन्दुत्व की सोच और राजनीति को पराजित किया। दक्षिण में भाजपा का प्रवेश-द्वार कर्नाटक हिन्दुत्व की प्रयोगशाला था, लेकिन हिन्दू वोट बैंक ने विभाजित जनादेश दिया, जबकि 13 प्रतिशत मुसलमानों और 2 प्रतिशत ईसाइयों में से ज्यादातर ने लगभग एकमुश्त वोट कांग्रेस के पक्ष में किया। लिंगायतों के 46 विधायक जीते हैं, जिनमें से 37 विधायक कांग्रेस के हैं। भाजपा का परंपरागत समर्थक और हिन्दू वोट बैंक इस तरह शिफ्ट हुआ है। आदिवासियों के लिए 15 सीटें आरक्षित हैं। सभी सीटें कांग्रेस की झोली में गईं। आदिवासी भी आस्था के आधार पर 'हिन्दू' ही हैं। ग्रामीण इलाकों की कुल 151 सीटों में से 97 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इनमें भी अधिकांश 'हिन्दू' हैं।

दरअसल यह आर्थिक सरोकार लेने-देने का दौर है। बेशक लाभार्थी कहें या जन-कल्याण का नाम दे लें अथवा कांग्रेस की 'गारंटियां' मान लें या प्रधानमंत्री के शब्दों में ये 'मुफ्त की रेवड़ियां' हैं, लेकिन चुनाव इन्हीं मुद्दों पर तय हो रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव भी एक उदाहरण है। हालांकि कर्नाटक अर्थव्यवस्था के लिहाज से देश का 5वां राज्य है। सम्पन्न है, कारोबार है, आईटी की राजधानी है। फिर भी कांग्रेस ने जो 'गारंटियां' घोषित की हैं, उन्हें पूरा करने पर करीब 36,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अर्थशास्त्रियों के ऐसे अनुमान हैं। कांग्रेस का कहना है कि साथ-साथ वह आर्थिक बढ़ोतरी भी सुनिश्चित करेगी। कर्नाटक में प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 1.64 लाख रुपए थी। दरअसल कर्नाटक देश के प्रमुख 'आर्थिक इंजनों' में एक है। कोरोना के बाद सेवाओं के निर्यात में 25 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया है। यह समृद्धि मंद नहीं होनी चाहिए।

# उच्च रक्तचाप की ओर अनदेखी, छीन सकती है अनमोल जिंदगी

आज के आधुनिक माहौल ने मनुष्य को नवनवीन सुविधाओं युक्त बनाया है, लेकिन इसके विपरीत इन्ही सुविधाओं ने काफी हद तक मानवीय शरीर को बेहद कमजोर कर दिया है, जिसके कारण तेजी से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही है। हर ओर प्रदुषण, अशुद्ध हवा-पानी, रेडिएशन, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग, शोर, ई-कचरा, प्लास्टिक वेस्ट, घटती हरियाली, बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं लोगों को घुट-घुट कर बीमारी से मार रही है। वैसे ही लोगों में बढ़ती स्वार्थवृत्ति, अपराध, भ्रष्टाचार, झूठा दिखावा, नशाखोरी, दुर्व्यवहार, धोखाधड़ी जैसी समस्या समाज को बर्बाद कर ही रही है। औसत आयु भी लगातार कम हो रही है, ऐसे घुटन भरे माहौल में शरीर स्वस्थ रखना कठिन हो रहा है और बीमारियों का साम्राज्य विनाशकारी रूप धारण कर रहा है। जिसमें सामान्य रूप से नजर आने वाली बीमारी उच्च रक्तचाप है। उच्च रक्तचाप जिसे सामान्य बोलीभाषा में बीपी (ब्लड प्रेशर) बढ़ना कहते है। उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमे शरीर की धमनिया प्रभावित होती है, इसे हाइपरटेंशन भी कहते हैं। इसमें धमनी की दीवारों के विरुद्ध रक्त का बल लगातार बहुत अधिक होता है, अर्थात रक्तचाप जितना बढ़ता है, हृदय को रक्त पंप करना उतना ही कठिन होता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करना पड़ता है। हर साल 17 मई को ÷विश्व उच्च रक्तचाप दिवस÷ मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों में उच्च रक्तचाप के लक्षणों के प्रति जागरूकता, रक्तचाप जाँचने के लिए प्रेरणा, समस्या पर शीघ्र रोकथाम के तरीकों का ज्ञान और समाज में उच्च रक्तचाप की व्यापकता पर प्रकाश डालना यह है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में अकाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर भी कहा जाता है, क्योंकि इसके लक्षण स्पष्ट रूप से नजर नहीं आते। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली उच्च रक्तचाप के जोखिम को बढ़ाती है। तनाव, अधिक नमक का सेवन, अधिक वजन होना, व्यायाम की कमी, नशा, तंबाकू और धूम्रपान घातक है। अनियंत्रित रक्तचाप हृदय रोगों, स्ट्रोक और गुर्दे की बीमारी जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का एक प्रमुख कारण है। भारत में कुल मौतों में से 27त्न हृदय रोग के कारण होती हैं, जो 40-69 आयु वर्ग के 45त्न लोगों को प्रभावित करती हैं। मधुमेह वाले 10 में से लगभग 6 लोगों को उच्च रक्तचाप भी होता है।

**भारत देश की स्थिति भयावहः** उच्च रक्तचाप के प्रसार के मामले में 2019 में पुरुषों और महिलाओं के बीच भारत विश्व स्तर पर क्रमशः 156 और 164 वें स्थान पर था। भारत में 31त्न आबादी को उच्च रक्तचाप है। लगभग 33त्न शहरी और 25त्न ग्रामीण भारतीय उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं। भारत में उच्च रक्तचाप के रोगियों की संख्या 2000 में 118.2 मिलियन से दोगुनी होकर 2025 तक 213.5 मिलियन होने की संभावना है। इसके बाद देश को उच्च रक्तचाप के हब के रूप में जाना जायेगा। मेडिकल जर्नल द लैंसेट में 2016-20 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 75त्न से अधिक रोगियों को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) का पता चला है, लेकिन यह नियंत्रण में नहीं है। भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल अनुसार, देश में अनुमानित 20 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित है, उनमें से 10त्न से भी कम का रक्तचाप नियंत्रण में है। किसी अन्य कारण से अधिक उच्च रक्तचाप वयस्कों की जान लेता है। भारत सरकार ने भारतीय उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (आईएचसीआई) की शुरुआत की है एवं 2025 तक उच्च रक्तचाप (बढ़ा हुआ रक्तचाप) के प्रसार में 25त्न सापेक्ष कमी का लक्ष्य रखा है।

**विश्व स्तर पर स्थिति लगातार बिगड़ रही :** विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार मुख्य तथ्य दर्शाते है कि, विश्व स्तर पर उच्च रक्तचाप अनुमानित 1.28 बिलियन लोगों को प्रभावित करता है, जिनमें से दो तिहाई निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हैं। विश्व स्तर पर उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46त्न लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है, उच्च रक्तचाप वाले 5 में से सिर्फ 1 वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80त्न जटिलताओं का महत्वपूर्ण जोखिम है। भारत देश में वर्ष 2030 में उच्च रक्तचाप का प्रसार बढ़कर 44त्न हो जाएगा, जो कि डब्ल्यूएचओ द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2030 तक 25त्न की सापेक्ष गिरावट के बजाय 17त्न की सापेक्ष वृद्धि होगी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में बढ़े हुए रक्तचाप के कारण 7.5 मिलियन लोगों की मौत होने का अनुमान है, जो कुल मौतों का लगभग 12.8त्न है। उच्च रक्तचाप वाले आधे से अधिक लोग अनुमानित 720 मिलियन लोगों को आवश्यक उपचार नहीं मिला। 2020 में, संयुक्त राज्य अमेरिका में 670,000 से अधिक मौतों में उच्च रक्तचाप का योगदान था।

**जीवन के अमूल्यता का मोल समझें:** जिस तरह के वातावरण में आज हम साँस ले रहे है और स्वास्थ्य संबंधित परिस्थितियां लगातार ख़राब हो रही है उससे तो यही लगता है कि आनेवाले कल में जीवन बहुत कष्टदायक व संघर्षमय होगा। छोटे-छोटे बच्चे भी गंभीर बीमारियों का शिकार होकर जान गवां रहे है। पहले जो बीमारियां कभी-कभार सुनाई देती थी, आज वो बीमारियां हमारे आसपास हर दम देखने-सुनने मिलती है। इस माहौल के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हमारी आधुनिक जीवनशैली है। आज हम आधुनिक तकनीक के गुलाम हो गए है। आज लोग स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थो का चयन करते है ना कि पौष्टिकता के बल पर, जिसके कारण हमारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। यांत्रिक संसाधनों के द्वारा मनुष्य के श्रम की बचत होती है, जिससे मनुष्य का शरीर ज्यादा गतिविधियां नहीं करता है। नशाखोरी और धूम्रपान शरीर को खोखला कर रहा है। अशुद्ध हवा-पानी और प्रदूषण मनुष्य को धीमे जहर की तरह मार रहा है। आज समाज में साधारणत सभी समस्याएं मानव निर्मित ही है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हो, दुनिया भर की दौलत लुटा कर भी हम एक पल की जिंदगी खरीद नहीं सकते। आज के समय में हमारे अनमोल जिंदगी का मोल हमें खुद ही समझना होगा और बेहतर जीवनशैली की शुरुआत करनी होगी। पोषक खाद्य, रोज व्यायाम, वजन पर नियंत्रण, नशे से दूरी, 8 घंटो की पूरी नींद, नित्य शारीरिक गतिविधि, खेल-कूद, सकारात्मक विचार, नमक, शक्कर, खाद्यतेल जैसे पदार्थों का सीमित उपयोग, प्रकृति से स्नेह, और नीति नियमों का पालन मनुष्य के स्वास्थ्य और मन को नई चेतना उमंग प्रदान करता है। उच्च रक्तचाप भी इसी प्रकार नियंत्रण में रह सकता है। स्वस्थ वयस्क लोगों को एक महीने में एक बार रक्तचाप की जांच करानी चाहिए, अगर उच्च रक्तचाप की समस्या हो तो घबराएं नहीं, चिकित्सक के सलाह अनुसार उपचार करायें। समय पर सही उपचार आने वाले हृदय रोग, स्ट्रोक या मौत को भी टाल सकता है और इलाज से भी बेहतर है पहले से बचाव या सुरक्षा करना। समाधानी बनें, प्रकृति जीवनदायिनी है, उसकी रक्षा करें। हमेशा खुश रहें, जिम्मेदारियों को समझें, सकारात्मक सोच और समझदारी का परिचय दें, स्वस्थ रहें, तनाव मुक्त जीवन जिएं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति हेतु आवेदन 31 तक आमंत्रित

खण्डवा। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विदेशी शिक्षण संस्थाओं में स्नातकोत्तर आदि उच्च अध्ययन की छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक पिछड़े वर्ग का तथा म.प्र. का मूल निवासी व 35 वर्ष से कम आयु का होना आवश्यक है। साथ ही आवेदक/अभिभावक की आय क्रीमीलेयर की सीमा में तथा आवेदक स्नातक में 60 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। योजनांतर्गत आवेदन 31 मई तक ऑनलाईन पर किये जा सकते हैं। शर्तें विभाग की वेबसाईट से प्राप्त किये जा सकते है।

# डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दिलाई गई शपथ



खण्डवा। राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई मगंलवार को सी.एम.एच.ओ. कार्यालय से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने जनजागृति ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऑटो के माध्यम से शहरी क्षेत्र में डेंगू के बचाव के प्रति नागरिकों में जन जागरुकता लाने के लिये शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समझाइश दी जा रही है। साथ ही पम्पलेट भी वितरित किये जा रहे और साथ ही लार्वा सर्वे भी किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी श्री करण सिंह भूरिया ने बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू के बचाव संबंधी शपथ दिलाकर डेंगू के लक्षणों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान सी.एम.एच.ओ. कार्यालय में शपथ दिलाई गई। साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के आगंनवाड़ी केन्द्रो, टीकाकरण केन्द्रो में भी शपथ दिलाई गई। श्री भूरिया ने बताया कि डेंगू एक वायरल डिसीस यह वायरस एडिज एजेप्टी मच्छर द्वारा रोग उत्पन्न करता है।

# थीम रोड की रेलिंग चोरी के आरोपी गिरफ़्तार



शिवपुरी - प्रदेश की खेलमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक यशोधराराजे सिंधिया द्वारा शहर की सुंदरता में चार चांद लगाने के उद्देश्य से निर्मित कराई गई थीम रोड से लगातार डिवाइडर रेलिंग के चोरी होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थीं।शहर के सौन्दर्यीकरण के प्रति जागरूक जनमानस भी इस बात से चिन्तित था। इस घटनाक्रम को संज्ञान में लेते हुये जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया ने अधीनस्थ अधिकारियों को चोरों का पता लगाकर उन पर कड़ी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये, इसी तारतम्य में एएसपी प्रवीण भूरिया एवं सीएसपी अजय भार्गव के मार्गदर्शन में टीआई कोतवाली अमित सिंह भदौरिया ने अपनी टीम को लगाया। कड़ी मेहनत का नतीज़ा भी सामने आया जब पुलिस ने रेलिंग चोर छोटू आदिवासी पुत्र पप्पू आदिवासी उम्र 23 साल ,बलवीर आदिवासी पुत्र बादामी आदिवासी उम्र 35 साल , आशाराम आदिवासी नि0 गण सहराना मोहल्ला बडौदी शिवपुरी को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कबाड़े का काम करने वाले गयाजीत नि. बडौदी के यहॉ से करीबन 25 फुट लम्बी 4 रेलिंग को बरामद कर लिया है ।

# 72 वर्षीय वृद्ध ने परिवार सहित इच्छामृत्यु मांगी

शिवपुरी । मंगलवार को जिला मुख्यालय पट कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया जहां बिजली विभाग से प्रताड़ित वृद्ध ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए परिवार सहित इच्छामृत्यु की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा 3 लाख 32 हजार की बिल थामा दिया जिसको लेकर लगातार मुझे बिजली विभाग के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ रहे है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बावजूद भी आज तक कोई निवारण नही किया गया। जानकारी के अनुसार नरेन्द्र सिंह सिसोदिया उम्र 72 साल निवासी इंदिरा नगर एमआईजी 14 जनसुनवाई में आवेदन देते हुए फफ़क फफ़क कर रोते हुए परिवार सहित इच्छामृत्यु की मांग करने लगा, पीड़ित ने बताया की 2014 से डिस्पुट कलियर न करके विवादित कर दिया है। मैं सीएम हेल्पलाइन पर भी कई शिकायत दर्ज करा चुका हूं, साथ चार बार कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देने की बावजूद भी आज दिनांक तक मेरी कोई सुनवाई नहीं की गई है एवं मेरे पुत्र की भी लाइट काट दी गई। जिसकी वजह से उसकी बहू घर छोड़कर चली गई है।

# पिछड़ा वर्ग समाज की संभागीय बैठक संपन्न

शहडोल । विगत दिन पिछड़ा वर्ग समाज की संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन सोहागपुर विकासखण्ड के ग्राम विक्रमपुर में किया गया है। बैठक में पिछड़ा वर्ग समाज के उत्थान और सर्वांगीण विकास को लेकर आपसी चर्चा की गई जिसमें समाज के होनहार छात्रों को उच्च शिक्षा की प्राथमिकता सुनिश्चित करना, युवाओं को रोजगार स्थापित कराना, समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में ओबीसी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना सर्वांगीण विकास की कार्ययोजना बनाना,साथ आने वाले जून माह में विधानसभा व जिला स्तर पर विशाल सम्मेलन आयोजित करना है समाज के गरीब और पिछड़े हुए लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोडना है बैठक में समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए समिति का गठन भी किया गया है जिसमें विभिन्न जिम्मेदारियों के माध्यम से गांव गांव शहर शहर में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को जागरूक करते हुए आने वाले समय में संभाग स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार करना है बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग समाज से वरिष्ठ समाजसेवी श्याम बाबू जैसवाल, शहडोल नगर पालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम जयसवाल जी वरिष्ठ समाजसेवी रवि कांत चौरसिया जी वरिष्ठ समाजसेवी शत्रुधन पटेल,रिटायर्ड ओवरमैन गणेश प्रसाद कुशवाहा, श्री पुष्पेंद्र ताम्रकार पिछड़ा वर्ग समाज से , पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहडोल के जिला अध्यक्ष रमाशंकर कुशवाहा,वरिष्ठ समाजसेवी आर के विश्वकर्मा पंचगाव, , भागचंद सोनी बुढार, ब्रजकिशोर यादव बकहो, आरपी साहू कन्हैयालाल कुशवाहा,दशरथ कुशवाहा, रामनिवास कुशवाहा करकटी, मीना कुशवाहा लालपुर,, सुरेश साहू केशवाही, समाजसेवी प्रेम बर्मन,अवनीश पटेल, राजेंद्र सोनी मिंटू सोनी , राकेश नामदेव, सुभाष शर्मा पाटकर,भूषण साहू, नीलकंठ साहू बहगड, नवीन रजक भूषण दास कुशवाहा,राम अवतार कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा,ददन राम यादव, रामनरेश कचेर,राजन यादव, दिलीप कचेर, धर्मराज कचेर करकटी, अरविंद रजक धनपुरी, प्रकाश कुशवाहा लालपुर, नंदु लाल साहू लालपुर, धर्मदास साहू धनगवा, राजकुमार सिंह बरगाही पकरिया,राजा सिंह बरगाही कोल्हुआ, भैयालाल कहार बिरौडी, विनोद वर्मन गोपालपुर, केशवाही से रेखा पटेल जी नत्थू लाल चौरसिया विक्रमपुर, अवधेश चौरसिया विक्रमपुर, इन्द्र पाल साहू रामपुर, सुखलाल साहू रामपुर, सुरेश कुशवाहा सारंगपुर, सहित ओबीसी समाज के सहभागी युवा तरुणाई उपस्थिति रहे कार्यक्रम का सफल संचालन किए गोकुल नापित खैरहा आदि के उपस्थिति मे संपन्न हुई ।

# भोपाल के गांजा तस्कर गिरोह के 5 सदस्य उड़ीसा से भोपाल जाते 42 किलोग्राम गांजा कीमती 4 लाख 20 हजार सहित गिरफ्तार

नबर्दापुरम । पिछले कुछ दिनों से इटारसी पुलिस की लगातार मुखबीर से सूचना प्राप्त हो रही थी कि भोपाल के कुछ गांजा तस्कर इटारसी होकर उडीसा से गांजा तस्करी करते है उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए पी सिंह नर्मदापुरम के निर्देशन पर तथा एसडीओपी इटारसी महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामस्नेह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम तैयार कर सूचक की सूचना पर प्राप्त हुई कि भोपाल के पांच गांजा तस्कर गांजा की एक बड़ी खेप लेकर उड़ीसा से बस या ट्रेन से इटारसी आकर भोपाल जाने की फिराक में ओव्हर बीज तिराहा इटारसी की ओर जा रहे है। मुखबीर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम ने ओव्हर ब्रीज तिराहा इटारसी पर पांज संदिग्ध व्यक्तियों को जो पीठ पर बडे बडे पिटु बैग टांगे है घेराबंदी कर पकड़ा जिनमें बारिकी से पूछताछ करने पर उन्होंने ने अपने अपने नाम बताते हुये सभी थाना निमादपुर क्षेत्र भोपाल के रहना तथा भोपाल से खरियार रोड रेल्वे स्टेशन उडीसा ट्रेन से जाकर वहा से 42 किलो मादक पदार्थ गांजा खरीदकर दो-दो किलो के कुल 21 पैकेट बनाकर पांच बंग में अलग-अलग मात्रा में भरकर खरियार रोड उड़ीसा में ट्रेन से नागपुर तक तथा नागपुर से बस से भोपाल जाने के लिये निकले थे। जो इटारसी में बस स्टैंड पर पुलिस की चैकिंग के डर से पुरानी इटारसी में उनकर गये तथा भोपाल जाने के लिये किसी साधन का इंतजार करते खड़े होना उनकी पीठ पर रखे पिट्ट बैंगो में मादक पदार्थ गांजा होना स्वीकार किया। जो पुलिस टीम ने तत्परता %कार्यवाही करते हये, भोपाल के पांच आरोपीयो 1. मुन्ना खा उर्फ हाफिज पिता जुम्मा खा उम्र 48 साल निवासी गैस राहत कालोनी हाउसिंग बोर्ड भोपाल 2. सलीम पिता अखबर हुसैन उम्र 50 साल निवासी गोल कुआ के पास मुरली नगर थाना निसादपुरा भोपाल 3. सोहेल पिता चांद खा उम्र 24 साल निवासी केवलराम स्कुल के सामने करोदपुरा निमादपुरा भोपाल 4. अरबाज पिता इसराईल अली उम्र 20 साल निवासी झुग्गी कंवलराम स्कुल के पास कमलनगर थाना निमादपुरा भोपाल 5. साबिर पिता मकसुद अली उम्र 21 साल निवासी व्ही आईपी गेस्ट हाउस के पास बरेला गांव लालघाटी थाना कोहेफिजा भोपाल के कब्जे से 2-2 किलो के कुल 21 पैकेटो में भरा मादक पदार्थ गांजा 42 किलो कीमती लगभग 4 लाख 20 हजार रुपये /- का



जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपीयो को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना इटारसी में अपराध धारा 8/200 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर आरोपीयो को न्यायालय पेश किया जाता है।

पुलिस टीम निरीक्षक रामस्नेह चौहन थाना प्रभारी इटारसी, उपनिरीक्षक विवेक यादव, सउनि संजय रघुवंशी, आरक्षक 771 हरीश डिगरसे, आर. 681 केतन विश्वकर्मा, आर. 914 आकाश बारस्कर, म. आर. 784 पूनम चौधरी की मुख्य भूमिका रही।

# 18 को तहसील छतरपुर में लगेगा भू-अर्जन की समस्याओं के निराकरण का शिविर

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई में लोगों से प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की। जनसुनवाई में प्राप्त 159 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये साथ ही बीपीएल कार्ड बनाने के संबंध में आवेदन आने पर राजस्व अधिकारियों को परीक्षण करते हुये पात्र पाये जाने पर बीपीएल सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जीआर ने भू-अर्जन से जुड़ी समस्याएं आने पर तहसील छतरपुर में 18 मई को मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण अंतर्गत समस्या निवारण शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

## लाडली लक्ष्मी के हितग्राही शीघ्र कराएं ई-केवायसी

लाडली लक्ष्मी योजना में बालिका के नाम से शासन की ओर से 1.43 लाख का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया जाता है एवं बालिका को दिये जाने वाले लाभ के रूप कक्षा 06 में प्रवेश पर राशि 2 हजार कक्षा 09 में 4 हजार कक्षा 11 में 6 हजार एवं कक्षा 12 में प्रवेश पर 6 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त लाड़ली बालिकाओं को कक्षा 12 वीं के पश्चात स्नातक अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 25 हजार की प्रोत्साहन राशि दो समान किस्तों में पाठ्यक्रम अवधि के प्रथम एवं अंतिम वर्ष मे दिये जाने का भी प्रावधान है।

# सिंगरोली जिले में लाड़ली बहनों के राशन में भारी भ्रष्टाचार

सिंगरोली । मध्यप्रदेश के सिंगरोली जिला का ताजा मामला पिपरा गाँव का हैं । कंट्रोल कीं दुकान पर राशन कार्ड धारकों को 3 महीने से राशन नहीं मिला जिसको लेकर समाज सेवी एक पत्रकार आवाज न्यूज एडिटर अजय दुबे के द्वारा जनहित में राशन मे हो रहे भ्रष्टाचार की आवाज उठाई गई तो 15 मई को फूड इंस्पेक्टर किसन पाल के द्वारा गाली गीलोज कर जान से मारने की धमकी दे डाली एक बीडीयो वायरल हो रही है जिसमें फूड इंस्पेक्टर किशन पाल साफ तौर खुले आम गोली मारने की धमकी एक पत्रकार को दी गई है। इस मामले को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक व आरटीआई कार्यकर्ता शिवप्रसाद अहिरवार ने प्रेस नोट जारी कर सिगरोली जिला कलेक्टर से फूड इंस्पेक्टर पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की माँग कीं हैं। कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार कहा है कि एक खाध्य अधिकारी जिम्मेदार पद रहते हुए जनहित में आवाज उठाने पर इस प्रकार कीअभाद्र भाषा का प्रयोग नहीं करना चहिये कांग्रेस नेता शिवप्रसाद अहिरवार ने कहा है की मध्यप्रदेश में शिव राज सिंह चोहान जी मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि बहनों कीं जिन्दगी बदलना मेरी पहली प्राथमिकता है। मेरी बहनों के सारे दुख- दर्द में हर लूँ बहने मजबूर नहीं ! मजबूत बने यही मेरा संकल्प है। गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय परिवारो की बहनों को कई तरह कीं कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है! बहनें परेशान न हों, इसलिए हमने उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा लाडली बहना योजना का प्रारंभ कीं है । बहन बेटियों का सम्मान और आत्मा - विश्वास के साथ जीवन जिये इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सभी क्षेत्रों में उन्हें बराबरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सभी क्षेत्रों में उन्हें बराबरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध का बचन दिया गया है जोकि मध्यप्रदेश सभी संचालित योजनाओं में भ्रष्टाचार फल फुल रहा है । राशन घोटाला ग्राम पंचायतों में भारी भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। मजेदार बात तो यह है की गरीबों के हक का राशन पानी डकारने बालों पर कार्यवाही होगी । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक एवं आरटीआई कार्यकर्ता शिवप्रसाद अहिरवार ने चेतावनी देते हुए कहा है कि एक सप्ताह के अंदर फूड इंस्पेक्टर किशन पाल को निलम्बित कर कार्यवाहीनहीं की गईं तो मजबूरन होकर राजधानी भोपाल में खाद्य मंत्री के बंगले पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा

# चलित इकाई योजना के तहत दमोह पहुंचे पशु उपचार वाहन को विधायक रामबाई गोविंद सिंह हरी झड़ी दिखाकर किया रवाना

दमोह । दमोह पशुपालन विभाग मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत श्रीमती रामबाई गोविंद सिंह विधायक पथरिया द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड पथरिया एवं बटियागढ़ के लिए पशु चिकित्सा वाहन को पशुपालन विभाग जिला दमोह कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस वाहन के विकास खंड में पहुंचने से विकासखंड के सभी पशुपालकों द्वारा मोबाइल क्रमांक 1962 पर सूचना देने से थोड़ी ही देर में पशु चिकित्सा वाहन पशुपालक के घर पर पहुंच जाएगा,जिसमें डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ सहायक दबाएं एवं सूक्ष्मा सर्जरी के उपकरण साथ में होंगे ।

इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रत्येक पशुपालक को 150 रुपए का शुल्क सुविधा प्राप्त होने पर देना होगा ।

विधायक महोदय द्वारा बताया गया की मेरे क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने देखा है कि कई पशु लाचार, बीमार अथवा दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर इलाज से वंचित होते थे एवं अत्यंत असहनीय दर्दनाक जीवन जीने को मजबूर होते थे लेकिन अब इस चलित चिकित्सालय की सेवा प्रारंभ होने से



विधानसभा क्षेत्र पथरिया में सभी स्थानों पर पशुओं का इलाज संभव हो सकेगा ।

ए डब्ल्यू खान उपसंचालक पशुपालन दमोह ने बताया की जिले के लिए सात विकासखंड के लिए 7 गाड़ियां मिली हैं और एक गाड़ी एंबुलेंस जो है जिला मुख्यालय के लिए गाड़ी का उपयोग 1962 में जब हितग्राही कॉल करेगा कॉल सेंटर से जो कॉल एंबुलेंस में डॉक्टर है गाड़ी में उनके पास आएगा और घर पहुंच कर उसका उपचार करेगा और उसमें हितग्राही 150 रुपए का चार्ज करेगा चलित योजना के तहत एंबुलेंस आए हैं पूरे अलवर एमपी में 406 एंबुलेंस विभाग से मिले हैं जिसमें तीन कर्मचारी रहेंगे एक पशु चिकित्सक एक एडीएफओ एक ड्राइवर रहेगा जो पेमेंट है डॉक्टर का 56000 एडीएफओ का 22000 और ड्राइवर का 18000 पेमेंट रहेगा कुक्कुट विकास निगम में टेंडर हुआ है टीएल कंपनी में इसका टेंडर लिया था और गवर्मेंट आफ इंडिया का पूरा कांटेक्ट है गाड़ी का संचालन ब्लॉक बिटरनरी ऑफिसर करेगा।

विभाग दमोह दिग्विजय पटेल निज सहायक विधायक पथरिया कुम्मेर सिंह सोलंकी विधायक प्रतिनिधि,करण सिंह पटेल युवा नेता की विशेष उपस्थिति रही ।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में 62 जोड़े ने थामा एक दूजे का हाथ

बरेली । बाड़ी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम नयागांव कला में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ जिसमें 62 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे कार्यक्रम में शुभारंभ कराने में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन चौधरी पहुँचे जिससे बाद विवाह कार्यक्रम चलता रहा शाम 6 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस से रायसेन जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को वी.सी. के माध्यम से संबोधित कर नवविवाहित दम्पत्तियों को भावी मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, ÷भारतीय संस्कृति में विवाह कोई समझौता नहीं है, दो आत्माओं का पवित्र बंधन है, दो परिवार, दो आत्माएं और समाज मिलता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मामा की दुआएं लेती जा, जा तुझको सुखी संसार मिले। दुनिया की हर खुशी आपकी जिंदगी में आए, आप भी खुश रहें और परिवार को भी खुश रखें कार्यक्रम में समापन के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, विधायक देवेन्द्र पटेल,पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, नगर अध्यक्ष हेमंत चौधरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रवण पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, जिला मंत्री राजेन्द्र ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर, कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे । अतिथियों द्वारा चैक वितरण कर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया गया। प्रभा बृजगोपाल पटेल द्वारा सभी वर वधुओं को रामायण भेंट कर सभी के पैर पखारे। पूरे ग्राम के ग्रामीण जनों ने भारी उत्साह के साथ कार्यक्रम सम्पन्न कराया। जिला स्तरीय अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरिमामयी कार्यक्रम हुआ सम्पन्न।



# छींद में 20 जून से शुरू होने बाले यज्ञ और कथा को पुलिस प्रशासन अलर्ट

## पुलिस प्रशासन ने 125 पुलिस कर्मियों की डिमांड

बरेली 7 20 जून से ग्राम छींद में 100 गांवों का महायज्ञ और प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अनुरोध आचार्य जी के मुखारविंद से कथा एवं पंडोखर सरकार के द्वारा दिव्य दरबार का आयोजन छींद की पावन धरा पर होने जा रहा है कार्यक्रम को लेकर अंतिम चरण में तैयारियां चल रही हैं वही आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलग नजर आ रहा है सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है एसडीओपी राजीव जंगले और थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने बताया कि लगभग 125 पुलिसकर्मियों की डिमांड वरिष्ठ स्तर पर की है क्योंकि बड़ा आयोजन है पार्किंग स्थल कथा स्थल यज्ञशाला स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात करना होगा स्थानीय बल के साथ जितना भी बरिष्ट स्तर से जितना भी अतिरिक्त बल मिलता है पूरा बल इस्तेमाल किया जाएगा 7 कार्यक्रम संयोजक को भी अवगत कराया गया है कि अपने वॉलिंटियर भी तैयार करें जो प्रशासन का सहयोग करेंगे 7



## पार्किंग की रहेगी बड़ी समस्या ---

कार्यक्रम का स्वरूप देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इस आयोजन में लाखों की संख्या पहुंचेगी लेकिन इस आयोजन में पार्किंग की बहुत बड़ी समस्या दिखाई दे रही है क्योंकि छींद मंदिर में मंगलवार शनिवार को अधिक श्रद्धालुओं ने से जाम की स्थिति बन जाती है श्रद्धालु घंटों जाम में फंसे रहते हैं जब शनिवार और मंगलवार को ऐसी स्थिति बनती है तो इस भव्य और दिव्य आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे उनकी वाहनों के पार्किंग की समस्या कार्यक्रम आयोजक सहित प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है 7

# हत्याकांड मे पकड़े गए आरोपीगण के अवैध निर्माण ध्वस्त कर सभी को अलग-अलग जेलो मे रखा जाए

दमोह। मांझी रैकवार समाज ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपकर निवेदन किया है की दमोह मे विगत दिवस मांझी रैकवार समाज के संरक्षक एवं समाजसेवी कल्लू उर्फ हीरा रैकवार की निर्मम हत्या करने वालों के अवैध निर्माण ध्वस्त करने, इस साजिश में पकड़े गए अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर कार्यवाही एवं इनको अलग-अलग जेलों में रखने के निवेदन किया।



रैकवार माझी समाज वर्तमान में दमोह प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट है, पर जिस तरीके से रेकवार समाज के संरक्षक एवं समाजसेवी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या कर दी गई, उससे पूरे समाज में रोष व्याप्त इस ज्ञापन का उद्देश्य मात्र निम्न बिंदुओं पर कार्यवाही के लिए माननीय कलेक्टर महोदय से निवेदन करना है, बिंदु निम्न प्रकार है

1. इस अपराध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी अपराधियों के अवैध निर्माण ध्वस्त किए जाएं, 2. इस अपराध में पकड़े गए समस्त अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए, 3. अपराधियों को अलग-अलग जेल में रखने का निवेदन इस ज्ञापन के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत कर रहे मांझी रैकवार समाज

समस्त रैकवार समाज वर्तमान पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह जी द्वारा की गई अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट है एवं इस ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद भी प्रेषित करता है न्याय की आस में समस्त रैकवार मांझी समाज जिला दमोह।


**SECTION 1**
**Notice Inviting e-Tenders**
**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL (M.P.)**

N.I.T. NO.: 22/ES/BMC/2023 dated 08.05.2023

Online percentage / item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_274387_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT NUPUR KUNJ WARD NO 49 ZONE-10 | 351,407.00 | 3514.00 | 2000.00 | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |
| 2 | 2023_UAD_274387_1 | REPAIRING AND MAINTENANCE WORK, SLEB AT AHO ROOM OF WARD OFFICE WARD 42 ZONE 10 | 231,239.00 | 2313.00 | 2000.00 | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |
| 3 | 2023_UAD_256151_1 | PAINTING WORK AT COMMUNITY HALL AT PARK NEAR ANKUR PH 4 AND COMMUNITY HALL NEAR 6NU STOP WARD 45 ZONE 10 | 84595.00 | 1692.00 | 1000.00 | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |
| 4 | 2023_UAD_261953_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM ZAIB KIRANA TO SOHIL BHAI HOUSE NORTH AHIRPURA WARD 42 ZONE 10 | 347547.00 | 3475.00 | 2000.00 | 02 months | MPUADD ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 08.05.2023 (date) to 17:30P.M. (time) 22.05.2023 (date). 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

T.N.284/023/024

Assistant Engineeret
Municipal Corporation Bhopal

# ओप्पो एफ 23 5जी के साथ दिखाएं अपनी सुपरपॉवर, जबरदस्त बैटरी पॉवरहाउस




**नई दिल्ली।** ओप्पो एफ23 5जी, अपनी 5,000 एमएएच की बैटरी, 67वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग, और ओप्पो के बैटरी हैल्थ इंजन के साथ उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो अपने फोन की बैटरी को कम होने देना नहीं चाहते अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईसेज़ ब्रांड, ओप्पो ने अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन, ओप्पो एफ23 5जी के लॉन्च की घोषणा की है। यह डिवाईस 18 मई, 2023 को सुबह 12 बजे से ओप्पो स्टोर, एमेज़ॉन, और मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर 24,999 रु. में मिलेगी।ओप्पो और काउंटरप्वाईंट की एक नई शोध में सामने आया है कि भारत में हर 4 में से 3 लोगों को नोमोफोबिया है, यानि वो अपने फोन के बिना रह जाने पर भयभीत हो जाते हैं, ज्यादातर को बैटरी कम/खत्म होने पर डर सताने लगता है। इस अध्ययन में यह भी सामने आया कि 46 प्रतिशत उत्तरदाता अपने फोन को रोज दो बार चार्ज करते हैं, 92 प्रतिशत बैटरी डिस्चार्ज की समस्या से बचने के लिए पॉवर-सेविंग मोड का उपयोग करते हैं, और 60 प्रतिशत स्मार्टफोन यूज़र्स अपने मौजूदा फोन में अच्छी बैटरी न होने पर एक नया फोन खरीदेंगे।नोमोफोबिया की समस्या से निपटने और लंबी चलने वाली, शक्तिशाली, और टिकाऊ बैटरी की जरूरत पूरी करने के लिए ओप्पो ने एफ23 5जी पेश किया है। इस हैंडसेट में ओप्पो की प्रोप्रायटरी 67वॉट सुपरवूक फ्लैश चार्जिंग है, जो इस डिवाईस को 18 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज कर देती है, तथा 5 मिनट की चार्जिंग में 6घंटे तक फोन कॉल की जा सकती है या 2.5 घंटे तक यूट्यूब वीडियो देखा जा सकता है। स्मार्टफोन पूरा चार्ज होने पर इसकी 5000 एमएएच की बैटरी फोन कॉल करने पर 39 घंटे या यूट्यूब वीडियो देखने पर 16 घंटे तक चलती है।इसके अलावा ओप्पो के बैटरी हैल्थ इंजन द्वारा इस डिवाईस को 1,600 बार चार्ज-डिस्चार्ज किया जा सकता है, जिसका मतलब है कि एफ23 5जी चार सालों तक लगभग सर्वश्रेष्ठ क्षमता में काम करेगा। ओप्पो के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, दमयंत खनोरिया ने कहा, ''ओप्पो में हम नोमोफोबिया, या फिर मोबाईल से बिना होने या मोबाईल का उपयोग न कर पाने के डर को समझते हैं, जो स्मार्टफोन यूज़र्स की एक वास्तविक समस्या है। ओप्पो एफ23 5जी में हमें बैटरी हैल्थ इंजन और सुपरवूक फास्ट चार्जिंग जैसी अभिनव टेक्नॉलॉजी पेश करने पर गर्व है, जो सुगम अनुभव के लिए भरोसेमंद और सुविधाजनक बैटरी परफॉर्मेंस प्रदान करती है। इसलिए आप बैटरी की चिंता किए बगैर अपने फोन का उपयोग उन कामों के लिए कर सकते हैं, जिनमें आपको आनंद आता है।

### पॉवर-पैक्ड सुगम प्रदर्शन

एफ23 5जी स्मार्टफोन में मलकोम स्नैपड्रैगन 695 5जी एसओसी है, और यह 256जीबी स्टोरेज के साथ आता है। इतने बड़े स्टोरेज में 80 फुल-लैंथ मूवी; 1,00,000 से ज्यादा इमेज, या 40,000 से ज्यादा गाने स्टोर किए जा सकते हैं, इसलिए यह गतिशील रहने वाले लोगों के लिए उत्तम है। यह डिवाईस एसडी कार्ड द्वारा 1टीबी तक की एक्सपैंडेबल मैमोरी को भी सपोर्ट करती है। ओप्पो की रैम एक्सपैंशन टेक्नॉलॉजी द्वारा इसकी 8जीबी की रैम को स्टोरेज से 8जीबी लेकर दोगुना किया जा सकता है।

# एक्सिस बैंक ने यूपीआई पर रुपे क्रेडिट कार्ड को सक्षम बनाया

**मुंबई ।** भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक, एक्सिस बैंक ने आज घोषणा की कि उसने यूपीआई पर रूपे क्रेडिट कार्ड सपोर्ट को सफलतापूर्वक सक्षम कर दिया है। बैंक के ग्राहक यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन करते समय या मर्चेंट के यूपीआई चेकआउट पेज पर भुगतान के तरीके के रूप में अपने रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। इससे ग्राहक यूपीआई के तत्काल भुगतान की सुविधा का अनुभव करते हुए क्रेडिट कार्ड रिवार्ड का लाभ उठा सकेंगे। बैंक चरणों में कार्यक्षमता शुरू कर रहा है।यह समाधान उसी तरह काम करता है जैसे ग्राहक अपने बैंक खातों को यूपीआई में लिंक करते हैं। ग्राहक को अपने यूपीआई ऐप्स* में क्रेडिट कार्ड के लिए अनुमत बैंकों की सूची में ÷एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड÷ विकल्प का चयन करना होगा। ग्राहक के मोबाइल नंबर के आधार पर, लिंक्ड रूपे क्रेडिट कार्ड प्राप्त किया जाएगा और ग्राहक को दिखाया जाएगा। इसके बाद ग्राहक को यूपीआई पिन जनरेट करना होगा। यह यूपीआई पिन ग्राहक के मौजूदा क्रेडिट कार्ड पिन से अलग होगा। यह सुविधा वर्तमान में यूपीआई ऐप्स* में काम करेगी जो रूपे क्रेडिट कार्ड सुविधा का समर्थन कर रहे हैं और ग्राहकों के पास एक्सिस बैंक के साथ रूपे क्रेडिट कार्ड है।

# थिंक गैस ने भोपाल में 25वां सीएनजी फिलिंग स्टेशन खोला

**भोपाल।** सीएनजी और पीएनजी उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक थिंक गैस ने आज भोपाल में अयोध्या बाइपास में अपना 25वां सीएनजी फिलिंग स्टेशन खोला। इस सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



यह स्टेशन रणनीतिक रूप से अयोध्या बाइपास पर स्थित है जोकि विदिशा और रायसेन जाने वाली सड़कों को जोड़ता है और भोपाल में सबसे व्यस्ततम स्थानों में से एक है। यह पीपुल्स मॉल, मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, इंजीनियरिंग एवं शैक्षणिक संस्थानों, करोंद सब्जी एवं फल मंडी और गोविंदपुर औद्योगिक क्षेत्र सहित कई प्रमुख स्थानों के करीब है जहां ऑटो रिक्शा, स्कूल बसों, छोटे वाणिज्यिक वाहनों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों की सीएनजी की बढ़ती मांग पूरी करने में मदद मिलेगी। अयोध्या बाइपास पर स्थित थिंक गैस सीएनजी स्टेशन नवीनतम प्रौद्योगिकी सुरक्षा खूबियों से लैस है जिसमें ऑनलाइन निगरानी प्रणाली और अत्याधुनिक डिस्पेंसर्स शामिल हैं। इससे ग्राहकों के लिए निर्बाध रूप से सुरक्षित फिलिंग अनुभव सुनिश्चित होगा और भारत में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधानों को लेकर इस कंपनी की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा।

# पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स खत्म

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार से पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स पूरी तरह से समाप्त कर दिया। इससे पहले यह 4,100 रुपये प्रति टन था। सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल, डीजल व एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर भी टैक्स नहीं लगेगा। एक मई को विंडफॉल टैक्स 6,400 रुपये से घटाकर 4,100 रुपये प्रति टन किया गया था। इस कर से गैसोलीन, डीजल व एटीएफ के निर्यात पर टैक्स बढ़ा दिया गया था।

**सोलर उपकरण होंगे सस्ते, आवेदन शुल्क 80 प्रतिशत घटा-** सोलर उपकरण जल्द सस्ते होंगे। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने को उपकरण बनाने वाली कंपनियों के लिए कारोबार को आसान करने के मद्देनजर कदम उठाया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, मंजूरी प्राप्त सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल्स के विनिर्माताओं और मॉडल में सुधार किए गए हैं। इसमें आवदेन शुल्क में 80 प्रतिशत की कमी की गई है। एमएनआरई ने सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल के लिए अपने एएलएमएम तंत्र में कई सुधार किए हैं। सुधारों का उद्देश्य सौर पीवी निर्माताओं की लागत को कम करना, अनुपालन बोझ और पूरी एएलएमएम प्रक्रिया में व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है। ग्रिड आधारित बिजलीघरों में मॉड्यूल में दक्षता कम-से-कम 20 प्रतिशत होगी। छतों पर लगने वाली सौर परियोजनाएं और सोलर पंपिंग में कम से कम 19.50 प्रतिशत मॉड्यूल दक्षता होगी।

**कारखाना निरीक्षण से भी दी गई छूट-** आवेदन शुल्क में 80 प्रतिशत की कमी के साथ निरीक्षण शुल्क में पर्याप्त कमी की गई है। इतना ही नहीं, एएलएमएम में अतिरिक्त मॉडलों की सूची में कारखाना निरीक्षण से छूट भी दी गई है।

**डेट फंड में 1.06 लाख करोड़ का निवेश, लिक्विड का 60 प्रतिशत हिस्सा-** डेट म्यूचुअल फंड में अप्रैल में 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। इसमें से अकेले 60 फीसदी निवेश (63,219 करोड़ रुपये) लिक्विड फंड में आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, क्रेडिट रिस्क और बैंकिंग एवं पीएसयू फंड श्रेणियों को छोड़कर, अन्य सभी सेगमेंट में शुद्ध निवेश आया है। मनी मार्केट फंड में 13,961 करोड़, फ्लोटर फंड में 3,911 करोड़ और अल्ट्राशॉर्ट ड्यूरेशन फंड में 10,663 करोड़ निवेश आया है। मार्च में डेट फंडों से 56,884 करोड़ की निकासी की गई थी। अप्रैल में भारी निवेश से डेट का एसेट अंडर मैनेजमेंट 12.98 लाख करोड़ पर पहुंच गया। एक अप्रैल से इंडेक्सेशन से कर लाभ उपलब्ध नहीं होने के कारण डेट फंडों के निवेश में इस साल गिरावट देखी जा सकती है।

# ब्रिटेन से आयातित कारों पर खत्म हो सकता है कर, 46,200 गाड़ियों के आयात पर लागू होगा नियम

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन से आयात होने वाली कारें आने वाले समय में सस्ती हो सकती हैं। भारतीय कार निर्माता कंपनियां ब्रिटेन के साथ कारोबार में सीमित संख्या में वाहनों पर आयात कर को खत्म करने पर सहमत हो गई हैं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने वाणिज्य मंत्रालय को इस तरह का प्रस्ताव दिया है। आयात कर में कटौती का उद्देश्य भारतीय बाजार को खोलना है। भारत अभी कार आयात पर 60 प्रतिशत और 100 प्रतिशत कर लगाता है। इसे चरणबद्ध तरीके से पांच साल में घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा। कार कंपनियां केवल अधिकतम 46,200 वाहनों के लिए ही कर घटाने



पर सहमत हुई हैं। भारत में आयात कर किसी भी प्रमुख कार निर्माता देश की तुलना में दुनिया में सबसे अधिक है।

**पहले साल में 26,400 वाहनों पर घटेगा कर-** पहले साल में 26,400 वाहनों और 5 साल में 46,200 पर यह लागू होगा।सियाम ने कहा, बातचीत के दौरान जरूरत पड़ी तो 10 प्रतिशत को घटाकर शून्य भी किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह फैसला बहुत कुछ नहीं कर सकता है, क्योंकि प्रस्तावित वाहनों की संख्या कम है। सियाम ने 10 साल में कारों पर आयात कर को घटाकर 30 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। साथ ही, ब्रिटेन से आयात बढ़ने पर पांचवें वर्ष के बाद और कटौती करने को भी सियाम तैयार है।

# लॉटरी किंग सेंटियागो मार्टिन से जुड़ी 457 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ धनशोधन से जुड़े मामले में 457 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। उनपर केरल में अवैध तरीके से लॉटरी बेचकर सिक्किम सरकार को 900 करोड़ रुपये का चूना लगाने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने मार्टिन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कोयंबटूर और चेन्नई में छापेमारी की। इस दौरान कोयंबटूर में फ्यूचर गेमिंग सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के आधिकारिक परिसरों पर भी 11 और 12 मई को नए सिरे से छापे मारे गए। फ्यूचर गेमिंग सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सिक्किम लॉटरी का मास्टर वितरक है और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इसके संचालक मार्टिन के खिलाफ 2019 से जांच कर रहा है। मार्टिन को तमिलनाडु में लॉटरी किंग के नाम से जाना जाता है। धनशोधन का यह मामला केरल में सिक्किम सरकार की लॉटरियों की बिक्री से संबंधित कथित अपराधों के लिए मार्टिन और अन्य के खिलाफ दायर सीबीआई के आरोपपत्र से संबंधित है।

# एलन मस्क का टेस्ला के अधिकारियों को निर्देश- बिना मेरी इजाजत के कोई भर्ती नहीं होगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि कंपनी में अब उनकी निजी मंजूरी के बिना किसी की भी भर्ती नहीं होगी। अधिकारियों को भेजे गए एक ईमेल में मस्क ने निर्देश दिए हैं कि जिन भी लोगों को भर्ती किया जाना है, उनके नामों की लिस्ट हर हफ्ते उन्हें भेजी जाए। इतना ही नहीं अधिकारियों को भर्ती के लिए सावधानी से सोचने की भी हिदायत दी गई है।



न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मस्क ने कहा है कि जब तक भर्ती अधिकारियों को उनकी ओर से मंजूरी का ईमेल न मिल जाए, तब तक कोई टेस्ला जॉइन नहीं कर सकता। यहां तक कि कोई कॉन्ट्रैक्टर भी नहीं।

गौरतलब है कि पिछले महीने ही कंपनी ने अपना सबसे कम तिमाही मुनाफा दिखाया था। यह बाजार के अनुमान से भी कम रहा, क्योंकि टेस्ला लगातार मांग बढ़ाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे देशों में अपनी कारों की कीमतों में कटौती कर रही है।

मस्क ने पिछले हफ्ते ही एलान किया था कि वह ट्विटर का सीईओ पद छोड़ रहे हैं। मस्क ने इस पर के लिए एनबीसी यूनिवर्सल की एडवर्टाइजिंग प्रमुख लिंडा यैकैरिनो को नियुक्त किया था और कहा था कि इससे उन्हें टेस्ला पर ध्यान देने का ज्यादा समय मिलेगा। माना जा रहा है कि इसके बाद मस्क जल्द ही टेक्सास के ऑस्टिन में स्थित टेस्ला के हेडक्वार्टर में शेयरधारकों से बात कर सकते हैं।

# ऑयल कंपनियों को बड़ी राहत, सरकार ने 4,100 प्रति टन से घटाकर शून्य किया विंडफॉल टैक्स

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोलियम क्रूड को सस्ता कर दिया है और इसके दाम 4100 रुपए प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिए हैं। इस तरह क्रूड पर विंडफॉल टैक्स को खत्म कर दिया है और ये राहत आज से लागू हो गई है। केंद्र सरकार के एक नोटिफिकेशन के मुताबिक ये जानकारी मिली है। सरकार ने पहली बार पिछले साल जुलाई में ही इस विंडफॉल टैक्स को लगाया था और तब से ये ही सिलसिला चल रहा है।

केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल पर विंडफॉल टैक्स को शून्य पर ही छोड़ा है। हर 15 दिन में तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव के आधार



पर सरकार तेल के ऊपर विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है और इसमें बदलाव करती है।

**जानें पिछली बार कैसे रहा था विंडफॉल टैक्स-** 1 मई को सरकार ने पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स को घटाकर 4100 रुपए प्रति टन कर दिया था जिसे डॉलर में देखा जाए तो 50.14 डॉलर प्रति टन पर रखा गया। 19 अप्रैल को क्रूड पर लगने वाली लेवी को 6400 रुपए प्रति टन किया गया था। इसके अलावा और पीछे की बात की जाए तो 4 अप्रैल को सरकार ने क्रूड पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को 3500 रुपए प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिया था।

**क्यों लगाया गया था ये विंडफॉल टैक्स-** भारत में जुलाई 2022 में पहली बार विंडफॉल टैक्स को लगाया गया था और ये क्रूड ऑयल उत्पादकों पर इसलिए लगाया गया था जिससे गैसोलीन, डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल को देश से बाहर बेचने पर मिले लाभ पर लेवी ली जा सके। दरअसल निजी रिफाइनरीज अंतराष्ट्रीय बाजार में बेचने के जरिए इन पेट्रोलियम उत्पादों पर ज्यादा मुनाफा कमा रही थी और घरेलू बाजार की बजाए वहां ऑयल प्रोडक्ट्स बेचने की कोशिशों में थी जिसे कम करने के लिए सरकार ने ये विंडफॉल टैक्स लगाया।

# टाटा ग्रुप ने बेंगलुरु में शुरू किया आईफोन का प्रोडक्शन, विस्ट्रॉन की फैक्ट्री का होगा अधिग्रहण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत में एक महत्वाकांक्षी प्रोडक्शन हब के तहत टाटा समूह ने एप्पल के आईफोन का निर्माण शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप भारत में आईफोन के प्रोडक्शन के लिए ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन के बेंगलुरु के नरसापुरा कारखाने का अधिग्रहण करने की प्लानिंग कर रहा है। पिछले



महीने ही एप्पल के सीईओ टीम कुक ने मुंबई में टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन के साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में टाटा समूह की मेगा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण योजनाओं पर चर्चा हुई और एप्पल के साथ छोटी और लंबी अवधि की साझेदारी को लेकर भी बातें हुई, हालांकि अभी भी इस बात को लेकर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है कि क्या विस्ट्रॉन बेंगलुरु के अपने प्लांट से पूरी तरह से बाहर हो जाएगा या नहीं।

सूत्रों के मुताबिक विस्ट्रोन अब एप्पल के साथ भारत में अपनी साझेदारी को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है और दूसरे बिजनेस पर ध्यान देना चाहती है। कहा जा रहा है कि विस्ट्रन भारत में एप्पल का नहीं, बल्कि किसी अन्य कंपनी के साथ काम करेगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि टाटा ग्रुप के कुछ अधिकारी पहले से ही विस्ट्रोन के प्लांट में काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि टाटा ग्रुप भारत में आगामी आईफोन 15 सीरीज के कुछ मॉडलों की मैन्युफैक्चरिंग करने की योजना बना रहा है। आईफोन 15 के इस साल सितंबर में लॉन्च होने की उम्मीद है जिसमें से आईफोन 15 और आईफोन 15 प्लस को भारत में बनाया जा सकता है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके में जमीन का एक बड़ा हिस्सा खरीदा है। प्रमुख एप्पल सप्लायर ने फॉक्सकॉन ने अपनी फाइलिंग में कहा है कि वह चीन से बाहर अपने प्रोडक्शन पर ध्यान दे रहा है।

# हायर गूगल टीवी क्यूएलईडी को आपके होम एंटरटेनमेंट सिस्टम के लिए जरूरी बनाने वाले 4 कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवी तकनीक की दुनिया ने हाल के वर्षों में एक लंबा सफर तय किया है और क्यूएलईडीटीवी इस क्रांति में सबसे आगे रहे हैं। क्यूएलईडीटीवी असाधारण पिक्चर क्वालिटी, शानदार रंग और डीप ब्लैक्स प्रदान करते हैं, जिनके कारण यह फिल्म प्रेमियों और गेमर्स के लिए समान रूप से उपयुक्त बनते हैं। लेकिन इतने सारे अलग-अलग स्मार्ट टीवी ब्रांडों के बावजूद भी हायर क्यूएलईडी गूगल टीवी आपके घर के लिए सबसे बेहतर विकल्प हैं।

शानदार डिस्प्ले और साउंड- यह क्यूएलईडीटीवी सीरीज़ 120 हार्टज़रिफ्रेश रेट, डॉल्बी विजन आईक्यू (एक आधुनिक इमेजिंग टेक्नोलॉजी जो एम्बिएंट लाइट कंडीशन के आधार पर विजुयल कंटेंट को बेहतर बनाती है), हाई डायनेमिक रेंज (एच.डी.आर.), वाइड कलर गैमु के साथ असाधारण यथार्थवादी तस्वीरें प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह हाई कंट्रास्ट रेशो, लोकल डिमिंग, एम.ई.एम.सी. 120 हार्टज़ जैसी कई विशेषताओं के साथ आता है जिसके कारण यह टीवी देखने का एक बेहतरीनअनुभव प्रदान करता है। लोकल डिमिंग स्पष्ट, जीवंत और विस्तृत तस्वीरें प्रदान करता है जो आपके टीवी देखने के अनुभव को और बेहतर बनाता है। यह टीवी डॉल्बी एटमॉस को भी सपोर्ट करता है, इसके 30-वॉट के फ्रंट फायरिंग स्पीकर सराउंड साउंड का अनुभव देते हैं जिससे आपको फिल्मों और शो को देखने का जीवंत अनुभव हासिल होता है। गेमिंग के शौकीनों के लिए, हायर क्यूएलईडी गूगल टीवी एक स्मूथ और रेस्पोंसिव डिस्प्ले के साथ एक इमर्सिव गेमिंग अनुभव प्रदान करता है जिसमें कोई लैग और रुकावट नहीं होती। जब हायर क्यूएलईडी एक बार गेमिंग कंसोल से जुड़ जाता है तो इसकी समर्पित गेमिंग विशेषताएं स्वचालित रूप से सक्रिय हो जाती हैं जिनमें न्यूनतम विलंबता के लिए एएलएम (ऑटो लो लेटेंसी मोड), स्मूथ लैग फ्री गेमिंग के लिए वीआरआर (वैरिएबल रिफ्रेश रेट), फ्लूइड फ्रेम व्यूइंग के लिए एमईएमसी 120 हार्टज़ (मोशन एस्टीमेशन और मोशन कंपनसेशन) जैसी विशेषताएं शामिल हैं जो शानदार व अनूठा गेमिंग अनुभव प्रदान करती हैं जिसके कारण यह दोस्तों के साथ एक सुव्यवस्थित गेम नाईट के लिए एक सर्वश्रेष्ठ विकल्प बन जाता है।

# जियो-बीपी लाया एकनया डीजल जो सालाना प्रति ट्रक 1.1 लाख रुपये की बचत करता है

### भारत में पहली बार मिलेगा बेस प्राइस पर हाई परफॉरमेंस फ्यूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियो - बीपी ने आज एक्टिव टेक्नोलॉजी वाले डीजल को लॉन्च करने की घोषणा की, जो उपभोक्ताओं के लिए डीजल मानकों को बेहतरकरदेगा।यह नया लॉन्च किया गया एडिटिवाईज़्ड डीजल, कंपनी के नेटवर्क पर मिलेगा।यह ट्रक चालकों को प्रति वाहन 1.1 लाख* रुपये तक की वार्षिक बचत देगा, जो 4.3 प्रतिशत बेहतर ईंधन बचत के कारण हो रही है। यह नया हाई परफॉर्मेंस डीजल सभी जियो-बीपी आउटलेट्स पर मिलेगा। यह भारतीय बाजार में पहली बार बिना किसी अतिरिक्त लागत के मार्केटिंगप्राइसपर मिलेगा।

एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो - बीपी आउटलेट्स पर मिलने वाला यह डीजल गंदगी होने के कारण फालतू के रखरखाव के झंझट को कम करेगा और महत्वपूर्ण इंजन के भागों में मौजूद गंदगी को हटा कर उसे बेहतर तरीके से लंबे समय तक चलने में मदद करेगा। यह विभिन्न तरह के कमर्शियल वाहनों में काम करने के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। लगातार उपयोग के साथ यह वाहन के मालिकों और ड्राइवरों को कई तरह के फ़ायदे देगा।

# सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने डिजिटल और हिंदी भाषा के एंटरटेनमेंट पर मजबूत की अपनी पकड़; लीडरशिप में किए खास बदलाव

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने भविष्य का अपना लक्ष्य साधने के लिए अपनी लीडरशिप में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस बदलाव का प्रमुख उद्देश्य अपनी प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करके तेजी से विकसित होती मीडिया एवं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में सफलता का आसमान छूना है।

इस नए परिवर्तन के तहत दानिश खानसोनी लिव एवं स्टूडियो नेक्स्ट के बिज़नेस हेड होंगे, जो विशेष रूप से डिजिटल पेशकश पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इसी तरह नीरज व्यास सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन, सोनी सब, सोनी पल और हिन्दी मूवीज़ के बिज़नेस हेड के रूप में सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के हिंदी लैंग्वेज एंटरटेनमेंट की जिम्मेदारी संभालेंगे।

दानिश और नीरज एसपीएनआई के एमडी एवं सीईओ को रिपोर्ट करेंगे। बदलाव की इस योजना पर तेजी से काम हो रहा हैऔर लीडरशिप में यह परिवर्तन 1 जून 2023 से लागू होगा।

जहां हम डिजिटल पर फोकस करके हमारी डीटीसी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) सर्विसेस को प्राथमिकता दे रहे हैं, वहीं मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि दानिश सोनी लिव के विकास का नेतृत्व करेंगे और स्टूडियो नेक्स्ट के विस्तार की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। इसके अलावा नीरज हिंदी लैंग्वेज इंटरटेनमेंट के विकास को गति देने के लिए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन (सेट) समेत एसपीएनआई के सभी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल्स की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। मैं उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

**दानिश एवं नीरज के बारे में अधिक जानकारी-** दानिश खान सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया में दो प्रमुख प्रभार संभालचुके हैं। अपनी वर्तमान जिम्मेदारी में वे 7 वर्षों तक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के बिज़नेस हेड रहे और साल 2019 से स्टूडियो नेक्स्ट और सोनी लिव का नेतृत्व भी किया है।

# पैरागॉन के समर कलेक्शन के साथ स्टातइल में बाहर निकलिये!

**मुंबई, एजेंसी।** भारत का सबसे भरोसेमंद फुटवियर ब्राण्ड पैरागॉन पुरुषों, महिलाओं और बच्चोँ के लिये विभिन्नव कैटेगरीज में स्टोइलिश फुटवियर प्रोडक्ट्सा की व्यानपक रेंज पेश करता है। इस गर्मी, पैरागॉन ने अपने भरोसेमंद घराने से प्रीमियम और इम्पोर्टेड मटेरियल्स् से बने, विभिन्नत रंगों और सामग्री के फुटवियर की एक आरामदायक, लेकिन स्टाइइलिश वैरायटी की नई रेंज पेश की है।

महिलाओं के लिये रोजाना की रेंज में, पैरागॉन दो अलग-अलग स्टा इल्सै में सोलीया प्लकस की पेशकश करता है-रोजाना इस्तेमाल के लिये आरामदायक लेज़र कट डिजाइन वाला ऑल-डे स्लिपर, मेटैलिक स्टा इलिंग के साथ पूरे दिन के लिये आसान एक शानदार स्लिप-ऑन सैण्डलल।

पुरुषों के लिये रोजाना की वर्टेक्सश और स्लिकर्स रेंज का लुक साधारण, लेकिन कैजुअल है और इसलिये यह रोजाना के इस्तेमाल के लिये सबसे बढ़िया है। वर्टेक्सक रेंज ट्रेंडी 'वी' स्ट्रै प्सस और सुपर स्टाइइलिश सैण्डफल्स के साथ फ्लिप फ्लॉप्सस और स्लिपर्स में उपलब्धे है। स्लिकर्स रेंज ट्रेंड को बढ़ाते हुए वेल्क्रोर क्लोज़र के साथ पीयू से बने सुपर स्टासइलिश फुटवियर से फॉर्मल लुक को बेहतर बनाती है और इसलिये परफेक्टु फिट है।

स्टानइल के साथ-साथ आराम पसंद करने वालों के लिये, पैरागॉन महिलाओं के लिये पैरालाइट रेंज की पेशकश करता है- यह ईवीए मटेरियल से बनी एक आरामदायक पेशकश है, जिसका फुटवियर वाटरप्रूफ और बहुत आरामदायक है। पुरुषों के लिये पैरालाइट कलेक्शपन में स्टाइइलिश फ्लिप-फ्लॉप्स् हैं, जोकि हल्केइ-फुल्केत और? टिकाऊ हैं और विभिन्नक रंगों में आते हैं, जैसे कि लाल, हरा और काला। कैजुअल लुक पसंद करने वालों के लिये भी पैरागॉन ने मेरिवा रेंज पेश की है, जिसमें रोजाना इस्तेमाल होने वाले जूते हैं, जोकि बैलेरिना के साथ सॉफ्ट फैब्रिकूपर से ट्रेंडी और आरामदायक बन जाते हैं और ये चार अलग रंगों में आते हैं। पुरूषों के लिये इस कलेक्शलन की फेंडर और ब्लॉ ट रेंजेस में मुलायक फैब्रिक और प्रीमियम मटेरियल्सह से बने आकर्षक जूते शामिल हैं।

# गौवंश वन्य विहार योजना प्रारंभ होने से सड़कों पर नहीं दिखेंगे गौवंश:अखिलेश्वरानंद गिरी

## गौसंवर्धन बोर्ड अध्यक्ष ने बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा में जंगल से लगी जमीन के लिए तीनो कलेक्टर से की चर्चा



**छिंदवाड़ा।** प्रदेश सरकार गौवंश की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में गौवंश कत्लखाना पर प्रतिबंध लगा हुआ है। फिर भी महाराष्ट्र की सीमा लगे होने से बालाघाट, सिवनी और छिंदवाड़ा से गौवंश कत्लखाने ले जाए जाते हैं इसको देखते हुए वाहनों को राजसात करने और कड़ा कानून बनाया गया है। साथ ही इन तीन जिलों के लिए विशेष योजना बनाई गई है। जिसमें गौवंश वन्य विहार के तहत जंगल से लगी भूमि कलेक्टर के माध्यम से ली जा रही है। जिसे पशु विभाग को देंगे और यहां गौशाला का निर्माण कर पशुओं को रखा जाएगा जिससे सड़कों पर अब पशु घूमते नजर नहीं आएंगे। गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष एवं महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। महामंडलेश्वर ने कहा कि गौवंश वन्य विहार की योजना बन जाने से यहां रहने वाले गौवंश 8 घंटे जंगल में चरने जाएंगे और उनकी अच्छे से देखभाल होगी।

### सारे गौसदन बहाल करेंगे

गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि दिग्विजय सिंह की सरकार में 10 गौसदन थे जिन्हें बंद कर दिया गया था 2003 में गांव की चरनोई की भूमि दिग्गी सरकार ने मनुष्य को बांट दी थी लेकिन यह जमीन गायों की देखभाल के लिए वापस मिल रही है। हम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की सरकार में सारे गोसदन बहाल करेंगे। इन 8 गोसदन की 6700 एकड़ भूमि गौवंश की रक्षा के लिए वापस मिलेगी इन जगह पर भी गौवंश वन्य विहार बनाएंगे। और गौवंश अब सड़कों पर नहीं दिखेगा यह काम तीन महने के अंदर पूरा किया जाएगा।

### 313 ब्लाकों में पहुंची एंबुलैंस

गौवंश की देखभाल के लिए एनजीओ सहित 1765 गौशाला सक्रिय हैं जिनमें तीन लाख गौवंश की देखरेख की जा रही है। गौवंश के इलाज के लिए जल्द ही डायल की सेवा प्रारंभ की जा रही है। केन्द्र से 406 एंबुलैंस प्रदेश को मिली है जिसमें 313 ब्लाकों में भेज दी गई हैं।

## कर्मचारी आयोग का छिंदवाड़ा में नहीं है परीक्षा सेन्टर

### बस वाले ले रहें मनमान किराया

**छिंदवाड़ा।** कर्मचारी चयन आयोग की ऑन लाईन परीक्षा का एक भी सेन्टर छिंदवाड़ा जिले में नहीं है, इससे परीक्षार्थियों को जिले के बाहर परीक्षा देने जाना पड़ रहा है, जिससे परीक्षार्थी एवं उनके परिवार के लोग परेशान है। कर्मचारी चयन आयोग में वर्तमान में वर्ग दो शिक्षिको की भर्ती हेतु परीक्षा देने के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। मुख्यत: छिंदवाड़ा के परीक्षार्थी को भोपाल एवं जबलपुर सेन्टर दिये जा रहे हैं बाहर जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए बस वाले मनमाना किराया ले रहे है आर.टी.ओ का इस ओर ध्यान नहीं है। ट्रेवल्स एजेन्ट के यहा किराये की सूची भी नहीं रहती।

## करंट लगने से छुआ देही मैं किसान की हुई मौत

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत नगर के समीपस्थ ग्राम छुआ देही में करंट लगने से रूप कुमार पिता कुदुबवर्मा उम्र 45 वर्ष खेत में काम कर रहा था उसी दौरान उसे करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर आसपास के लोगों ने तत्काल अमरवाड़ा हॉस्पिटल लाकर भर्ती कराया लेकिन जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया मौके पर सहायक उप निरीक्षक ओपी सनोडिया ने पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा करंट लगने की वजह से मृत्यु हुई है।

## जिला संयोजक नियुक्त हुए डॉ.चंद्रकांत विश्वकर्मा

**छिन्दवाड़ा।** विश्वकर्मा समाज संगठन एवम अन्य सामाजिक संगठन के साथ सम्पूर्ण जिले में सेवाभावी कार्य करने वाले युवा समाजसेवी डा.चंद्रकांत विश्वकर्मा को श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है ! समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा का नाम महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा,चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डा. महेश विश्वकर्मा ,छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष हरिराम मालवीय की अनुशंसा एवम सहमति से श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक पद पर नियुक्ति किया गया है ।

## आर्मी, पुलिस की नि: शुल्क ट्रेनिग प्रारंभ



**छिन्दवाड़ा।** परिषद एवं सोसाइटी के सयुंक्त तत्वाधान मे जिले के युवाओं को आर्मी एवं पुलिस की निशुल्क ट्रेनिंग 15/05/2023 से पीजी कॉलेज ग्राउंड मे शुरू की गई है। ट्रेनिंग सुबह 5:30 से 7:30 एवं शाम को 5 बजे से लेकर 6:30 बजे तक दी जाएगी। जय जवान फिजिकल सोसाइटी के संचालक एवं परिषद के अध्यक्ष से. नि. सूबेदार मोहन घंगारे ने बताया की जिले को फिजिकल मे न.1 बनाने के लिये पूर्व सैनिकों एवं जिले के युवाओं द्वारा निरंतर बेसिक फिजिकल की ट्रेनिंग देकर प्रयास किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान मे जिले के अधिक से अधिक युवा राष्ट्र सेवा मे जा सके इसके लिये यह अग्निवीरों का स्पेशल बैच शुरू किया है। जिससे की अधिक से अधिक युवा फिजिकल वाली नौकरियों मे जाएंगे और जो नहीं जा पाएंगे वह स्वस्थ एवं फिट रहकर देश के आंतरिक भागो मे भी अच्छे से कार्य करेंगे। जिससे देश के विकाश मे गति मिलेगी। सोसाइटी के पीटीआई सौरभ कवरेती ने बताया की आर्मी के मापदंडो के अनुसार युवाओं का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर परिषद एवं सोसाइटी के सदस्य और युवा मौजूद रहे।

## लड़कियों हेतु फ्री लर्निंग लाइसेंस शिविर

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा आर टी ओ कार्यालय छिंदवाड़ा, छिंदवाड़ा शहर के वार्ड क्रमांक 46 एवं अमरवाड़ा शासकीय कॉलेज में प्रमुखता लड़कियों हेतु फ्री लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया जिसमे छिंदवाड़ा RTO ऑफिस में लगभग 100 , शहर के वार्ड क्रमांक 46 मे लगभग 200 एवं लगभग 300 कन्या विद्यार्थीयों के लर्निंग लाइसेंस बनाये गए मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे इस जनकल्याणकारी योजना के शिविर में महिलाओ की लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु भारी संख्या में वे पहुंच रही है और शासन द्वारा बनाये जा रहे फ्री लर्निंग लाइसेंस मे अपना अपना लाइसेंस बनवा रही है इसी क्रम मे आगामी 31 मई तक प्रत्येक दिवस RTO ऑफिस मे लगातार शिविर जारी रहेगा साथ ही विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर परिवहन विभाग द्वारा महिलाओ का लाइसेंस फ्री ऑनलाइन विधि से शिविर मे तत्काल बनाये जावेंगे

## कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में शासन की योजनाओं के पालन और क्रियान्वयन समीक्षा की



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की प्रशासक श्रीमती शीतला पटले ने आज बैंक की शाखा कुण्डालीकला का भ्रमण कर शाखा व समिति स्तर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के पालन और क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये शाखा प्रबंधक व समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि समयावधि में डाटा पंचिंग का कार्य पूर्ण किया जाकर पात्र कृषकों को लाभान्वित करने के लिये योजना का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस दौरान जबलपुर संभाग के संयुक्त आयुक्त सहकारिता पी.के.सिध्दार्थ सहित स्थानीय अधिकारी उप आयुक्त सहकारिता छिन्दवाड़ा श्री जी.एस.डेहरिया, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिन्दवाड़ा डॉ.कृष्ण कुमार सोनी साथ में थे। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती पटले ने बैंक की अन्य शाखाओं और उससे संबध्द 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में हो रहे मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023 के क्रियान्वयन और विकासात्मक कार्यों व विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति और प्रगति की भी समीक्षा की।

## अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने, सड़क निर्माण करने, भूमि का कब्जा दिलाने मांग की

### कलेक्ट्रेट में सुनी गई 105 आवेदकों की समस्याएं



**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री ओ.पी.सनोडिया ने आज जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 105 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, सीमाकंन व बंटवारा करने, नक्शा में सुधार करने, सड़क निर्माण करने, भूमि का कब्जा दिलाने व आवासीय पट्टा प्रदाय करने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी । अपर कलेक्टर सनोडिया को जनसुनवाई कार्यक्रम में छिंदवाड़ा नगर की श्रीमती माधुरी सोनी ने राशन कार्ड व खाद्यान्न पर्ची दिलाने, पुरेश्वर गोनेकर ने पिता की दुर्घटना में मृत्यु होने पर संबल योजना से आर्थिक सहायता राशि दिलाने और यशवंत पवार ने पेंशन प्रकरण व अन्य फन्ड की राशि दिलाने, ग्राम सुहागी के गोले नागवंशी ने बीपीएल कार्ड बनाने, ग्राम लिंगा के श्री बाबूराव ठाकरे ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने, ग्राम मछेरा की श्रीमती संगीता नागले ने परिवार की समग्र आईडी ट्रांसफर करने, हर्रई की श्रीमती आरती साहू ने शासकीय भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम झिलमिली के श्री भाईलाल मालवीय ने बारिश में मकान क्षतिग्रस्त होने पर नया मकान बनाने के लिये आर्थिक सहायता दिलाने, दमुआ नगर के श्री आत्माराम मालवीय ने बिजली के खंबे लगाने, ग्राम चिरकुटागोंदी की श्रीमती मंदा खंडाते ने पति की मृत्यु के बाद आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम पंचायत कारेआम के सरपंच श्री रमेश चलथिया ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का भुगतान करने, ग्राम थावड़ीखुर्द की श्रीमती सुमंत्रा डेहरिया ने ग्राम कोटवार पति की मृत्यु होने पर कोटवारी पद पर नियुक्ति दिलाने, ग्राम डोंगरा के ग्रामवासियों ने ग्राम में पेयजल समस्या को दूर करने के लिये ग्राम में हैंडपंप या बोरवेल कराने, ग्राम बिजोरी पठार के श्री चतरू मरावी ने हृदय रोग व अन्य बीमारी से पीड़ित होने पर जिला अस्पताल में मशीनों से रोग की जांच कर सही उपचार दिलाने, ग्राम जैथारी की श्रीमती सुषमा भलावी ने पति की मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम श्री अतुल सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई,

## भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा नवमतदाता युवा चौपाल का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की दिशा और दशा युवा ही तय करता है इसलिए देश के युवाओं को देश के विकास एवं उन्नति के लिए योगदान हमेशा रहना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने युवाओं को भाजपा की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार हमेशा गरीबों, वंचितों एवं अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है हम युवाओं को असहाय लोगों की मदद के लिए सक्रियता से जुड़कर कार्य करें। भाजपा नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज मल्होत्रा द्वारा आयोजित नवमतदाता युवा चौपाल भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर शुक्ला की उपस्थिति में वार्ड नं 11 में हुई इस अवसर पर नगर मंडल 2अध्यक्ष ने कहा कि युवा ही देश की रीढ़ की हड्डी है और आज की विषम परिस्थिति में युवाओं को देश हित मे एक जुट होकर माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथो को मजबूत करना है। इस अवसर पर, वार्ड पार्षद माइकल पहाड़े, पार्षद रंगु यादव, जनभागीदारी अध्यक्ष भरत घई, वरिष्ठ भाजपा नेता कृपाशंकर, युवा मोर्चा महामंत्री नितिन मरकाम, उपाध्यक्ष डब्बू चौहान, अंकुर मालवी, नगर मंत्री यश कहार,वार्ड अध्यक्ष सार्थक, वार्ड महामंत्री वैभव, राजा, रंजीत, अभिजीत, सोने,सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे ।

## कुकड़ा जोन कार्यालय में प्रारंभ हुआ संपत्ति कर काउंटर



**छिंदवाड़ा।** निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पांच जोन में जोन अधिकारियों की नियुक्ति की गई । जिन्हे जोन कार्यालय में नागरिकों की सुलभता हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए गए थे इसी क्रम में निगम के जोन क्रमांक 2 कुकड़ाजगत में मंगलवार को संपत्तिकर संग्रहण काउंटर की शुरुआत की गई। अब कुकड़ा जगत एवं इनके पास के क्षेत्र के भवन स्वामी कुकड़ा जोन कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में अपने संपत्ति कर का भुगतान कर सकते है। इस कार्यालय में पूर्व से ही जलकर का भुगतान प्राप्त किया जाता है। निकाय के अन्य जोन कार्यालय जगन्नाथ स्कूल, चंदनगांव एवं नोनिया करबल जोन में पूर्व से ही जलकर एवं संपत्ति कर की राशि का भुगतान प्राप्त किया जाता है।

## षष्ठी माता मंदिर में 400 मातृशक्ति के बने लर्निंग लायसेंस

### आज लालबाग चौक में लगेगा शिविर



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के तहत भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलवार निशुल्क लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प में 400 से ज्यादा मातृशक्ति के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाये गए।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा वार्ड 43-46 सहित नगर की बहिनों को लर्निंग लायसेंस वितरित किये। 17 मई दिन बुधवार को वार्ड 13-14 के लालबाग चौक में कैम्प लगाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने आज शिविर में उपस्थित होकर कहा कि संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के तहत मातृशक्ति की सुविधा के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ देने वार्ड स्तर पर कैम्प लगाए जा रहे है।सोमवार से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प की शुरुआत की गई।कैम्प छिंदवाड़ा नगर के विभिन्न वार्डो में लगाये जाएंगे।हमारे संवेदशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा लाडली बहना योजना शुरू की गई है। 1 जून से लाडली बहनों को उनके बैंक खातों में एक हजार रुपये की राशि मिलना शुरू हो जाएगी।भाजपा सरकार ने मातृशक्ति के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण भी दिया है। अब हमारी बहने एवरेस्ट फतह कर रही है।मंगल गृह पर पहुँच रही है। विधानसभा, लोकसभा और पार्षद के साथ-साथ संवैधानिक पदों पर आसीन हो रही है। साथ ही प्रशासनिक पदों पर भी हमारी माताएं बहने पदासीन है। ये सब भाजपा की सरकार के बूते सम्भव हो सका है।वही दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश काँग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ नारी का अधिकार छीन रहे है। उन्होंने अपनी पत्नी अलकानाथ को सांसद पद से हटाया।मीना राय जी को नगर पालिका अध्यक्ष पद से हटाया।और अब नारी सम्मान की बात कर रहे है। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान,जिला आईटी प्रभारी दीपक कोल्हे,नितिन खंडेलवाल आरटीओ मनोज तेहनगुनिया, अंकित सोलंकी, मनीष निर्मलकर,महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष माया बंदेवार, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बिट्टू मण्डराह,महिला मोर्चा महामंत्री निशा गोस्वामी, आदि उपस्थित थे।

## सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत का नहीं हुआ निराकरण,

### शिकायत वापस लेने का बना रहे दबाव, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा।** शिवराज सिंह सरकार की आमजन मानस को त्वरित न्याय देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में शुरू की गई अति लोकप्रिय योजना डायल 181 सीएम हेल्पलाइन जिसमें प्रदेश के लोगों की शिकायत दर्ज होने के बाद एक निश्चित समय-सीमा में समस्या का निराकरण करने शासन के विभागीय अमले को दायित्व सौंपा गया। लेकिन जनपद पंचायत छिंदवाड़ा कि ग्राम पंचायत उभेगांव सचिव मोहन डेहरिया और सरपंच पति सुनिल डेहरिया शिकायतकर्ता पवन चौरे की शिकायत का निराकरण करने की बजाय उसके घर पहुंचकर अभद्रतापूर्ण व्यवहार कर डरा, धमकाकर जबरन शिकायत को बंद कराने का प्रयास किया जाता है। भाजपा सरकार की साख पर बट्टा लगाने सरकारी विभाग का भ्रष्ट अमला लगा हुआ है। आमजनता सरकार से सीधे न्याय की आस लिए अपनी शिकायत प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाते हुए त्वरित न्याय पाने की आशा पाल सीएम हेल्पलाइन में 181 डायल कर मिले शिकायत नंबर को सहेजे रहता है।

### शिकायत को बंद करने का दबाव

उभेगांव सहित क्षेत्र के ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ पाने, अपने अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा, व्यवस्था व न्यायसंगत निराकरण के लिए मध्यप्रदेश शासन के पोर्टल सीएम, हेल्पलाइन में अपनी शिकायत दर्ज कराता है। पवन चौरे ने भी विगत दिनों 25 अप्रैल को सीएम हेल्पलाइन पर पीने के पानी कि समस्या को लेकर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद में जैसे ही शिकायत ग्राम पंचायत उभेगांव पहुंचती है तो ग्राम पंचायत सचिव मोहन डेहरिया और सरपंच पति सुनिल डेहरिया शिकायतकर्ता पर बिना निराकरण किये शिकायत को बंद कराने छल, बल, दंड, भेद का दबाव बनाकर एससी एक्ट दर्ज करवाकर शिकायतकर्ता को थाने में बंद करवाने कि धमकी देते हुए शिकायत को बंद कराने का प्रयास किया जाता है। क्षेत्र में ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आये हैं, जिसमें ग्रामीणों के साथ न्यायसंगत कार्यवाही करने की जगह विभाग की हिटलरशाही हावी रहती है।

### न्याय से वंचित है आमजन

कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपने वाले वाले पवन चौरे, ओमू साहू, रोहित वाघमारे, नरेश जैन, पंचम अमरोदे, मोनू कोलारे, जित्तू चौरे सहित दर्जन भर लोगों ने बताया कि शिकायत का बिना निराकरण किये जबर्दस्ती कटाने का नाजायज दबाव ग्राम पंचायत सचिव मोहन डेहरिया और सरपंच पति सुनिल डेहरिया द्वारा बनाया जाता है। ग्राम पंचायत उभेगांव कि जादातर शिकायतें, पंचायत, राजस्व, जनपद, पुलिस आदि विभाग के पोर्टल में दर्ज होती है। जिसमें हितग्राही अपने हक अधिकार को पाने की आश पाले निराश रहता है। जिसका परिणाम भाजपा सरकार को आगामी चुनाव में उठाना पड़ सकता है। जिसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि ही जिम्मेदार होंगे। यहां रुलिंग पार्टी के जनप्रतिनिधियों को अपनी ही सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना सीएम हेल्पलाइन की यथास्थिति से कोई सरोकार नहीं। डायल 181 में शिकायत के बाद भी न्याय से आमजन वंचित हैं जिससे शिवराज सरकार की साख पर बट्टा लग रहा है।

## ध्यान, योग, प्राणायाम से स्वस्थ रहने एवं निरोगी काया के गुण सीख रहे ग्रामीण



**छिंदवाड़ा।** ध्यान, योग, प्राणायाम से स्वस्थ रहने एवं निरोगी काया के गुण सीख रहे है ग्रामीणजन। सुबह सुबह गांव की चौपाल में बैठकर ईश्वर की आराधना के साथ ध्यान की क्रियाये करते हुए ग्रामीण जन सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामय की भावना हृदय में लिए ध्यान करते में लीन हो जाते है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल एवम हार्डफुलनेस कान्हा शांति वनम हैदराबाद सेंटर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन जिला, पंचायत, जनपद पंचायत के समन्वय से जिले सहित छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्रामों में जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन के नेतृत्व में पांच सेक्टर में विभक्त ग्रामों में जन अभियान परिषद के परामर्शदाताओ में विनोद तिवारी,लता नागले,श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के साथ एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के स्टूडेंट, नवांकुर संस्थाओ, प्रस्फुटन समितियां के प्रतिनिधि की उपस्थिति में हार्डफुलनेस कान्हा शांति वनम हैदराबाद से आए प्रशिक्षकों द्वारा गांव गांव में चौपालों में ध्यान के तीन सेशन ले रहे है।इसी श्रखला में मंगलवार को ग्राम जमुनिया, ग्राम नेर, ग्राम राजाखोह में प्रशिक्षक लता नागले के साथ एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों में गीता मोहविया,सूर्यभान आरगुडे, योगेश, गूंजा, आरगुड़े,पूर्वी विश्वकर्मा,बबीता बन्देवार, प्रज्वल, ग्राम पंचायत राजा खोह के सरपंच सपना चौरे, सचिव अर्जुन पटेल सहित अन्य वालेंटियर,ग्रामीण जनो ने ध्यान की क्रियाये की इसी प्रकार ग्राम मेघासिवनी, कैवलारी एव खापाभाट मे ध्यान योग मुद्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक प्रसाद राव परामर्शदाता तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी, सहसराम ,समिति सदस्यों हरिश टेकडे संदीप धुर्वे अजय कुमरे रजनीश टेकडे प्रभात योगेश रीना मालवी सहित बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थि ने ग्रामीणों को ध्यान योग से जोड़ कर निरोग रहने की कला सीखी । इसी तरह मंगलवार को है प्रशिक्षक तारक मेहता की पूरी टीम एवम परामर्शदाता आशीष साहू ने ग्राम, कुहिया, थावरीकला में ध्यान करवाया।जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन ने बताया की पूरे जिले में प्रत्येक ग्राम में ध्यान के तीन तीन सेशन हो रहे है जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ध्यान करके स्वास्थ के प्रति जागरूक हो रहे है। परामर्शदाता समाजसेवी विनोद तिवारी ने बताया की ग्रामों में ग्रामीणजन,महिलाए,युवा बुजुर्ग अपने गांव के चौपाल में बैठ कर ध्यान योग प्राणायाम कर रहे है उन्हे टीम द्वारा स्वच्छता की जानकारी एवं सपथ भी दिलाई।

## बच्चों के शैक्षिक सुधार हेतु गांव-गांव में हो रहा समर कैम्प

**छिंदवाड़ा।** कक्षा 6वीं में प्रवेशित बच्चों के शैक्षिक सुधार हेतु ग्रीष्म कालीन अवधि के दौरान बच्चों की पढ़ने एवं गणितीय सुधार के लिए प्रथम संस्था के मार्गदर्शन से गांव के स्वयंसेवक समर कैंप संचालन कर रहे है। यह समर कैम्प मई माह से प्रारंभ होकर मध्य जून तक चलेगा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला प्रभारी प्रांजुल तिवारी ने बताया कि जिला में समर कैंप के माध्यम से ऐसे बच्चे जिन्हें भाषा पढ़ने में कठिनाई हो रही है उनकी बुनियादी पढ़ने, समझने और अभिव्ययक्ति सुधार के लिए कार्य किया जा रहा है। इस कैंप में मौखिक एवं लिखित रूप में अपने विचारों को अभिव्यक्त बेसिक गणित की कुछ गतिविधियाँ पढ़ने और उससे संबंधित गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रथम संस्था के जिला कार्यक्रम प्रभारी श्याम कुमार कोलारे ने बताया कि समर कैम्प जिला के घर गांव में संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है जो जिला के शिक्षा विभाग के सहयोग से एवं गांव के कम से कम 10वी पढ़े युवा, युवती, माताएं आदि स्वयंसेवक के रूप में बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करेंगे। गांव के 12-15 बच्चों का समूह बनाकर प्रथम के दिशानिर्देश एवं साहित्य की मदद से कैम्प का संचालन किया जाएगा। इस कैम्प में पहले बच्चों की प्रारंभिक पढ़ने की जांच भी की जाएगी 4 सप्ताह कैम्प संचालन के बाद बच्चों की अंतिम जांच की जाएगी जिससे बच्चों की प्रगति आंकी जा सके। कैम्प में शामिल होने जे लिए बच्चों का काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की तैयारियो का लिया जायजा, बाजारों की बढ़ेगी रौनक

### निगमायुक्त ने किया जन सेवा शिविरो का भ्रमण



**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम के प्रत्येक वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें शासन के विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन किया जा सकता है। मंगलवार को निगम आयुक्त राहुल सिंह द्वारा इन शिविरों का भ्रमण किया गया। निगम आयुक्त राहुल सिंह सबसे पहले वार्ड क्रमांक 16 स्थित जनसेवा शहर में पहुंचे जहां उन्होंने प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इन शिविर के माध्यम से शासन की 67 योजनाओं के आवेदन लिए जा रहे है।इसके पश्चात गांधीगंज बाजार शनिचरा बाजार एवं पानी टंकी का भ्रमण किया वाटर सप्लाई में लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया इसके पश्चात शनिचरा बाजार से दो गुमठी हटाने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात वार्ड क्रमांक 15 स्थित नाला निर्माण की डीपीआर को एसडीआरएफ के अंतर्गत तैयार करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने वार्ड क्रमांक 15 के जनसेवा शिविर के आवेदनों की जानकारी ली। निगम आयुक्त द्वारा संजीवनी क्लिनिक निर्माण एवं खिरकापुरा पानी टंकी का भ्रमण किया। निगमायुक्त द्वारा भ्रमण के दौरान सभी क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही गोल गंज के व्यापारियों से भी मुलाकात कर आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी की चर्चा की गई। जिसमे एक थीम पर रंग रोगन करने, बाजार क्षेत्र में स्वच्छता रखने एवं बाजार को आकर्षक बनाए जाने की बात प्रमुख रही। भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त राहुल सिंह के साथ वार्ड क्रमांक 17 पार्षद बलराम साहू, वार्ड 16 की पार्षद पूर्णिमा मालवी, भरत घई, माइकल पहाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली भी उपस्थित रहे।

## दीपक ने कैलाश जोशी स्मारक स्थल की लाइट गुल होने पर उठाए सवाल?

**भोपाल।** पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद बीजेपी संगठन और सरकार पर हमला बोलने का सिलसिला जारी रखा है। एक बार फिर उन्होंने मंगलवार को ट्वीट कर सरकार की रीति नीति पर सवाल खड़े किए। ट्वीट में जोशी ने कहा कि लीजिये



अब पूज्य कैलाश जोशी के स्मारक स्थल की लाइट भी बंद कर दी गई। दीपक जोशी ने लिखा कि जिनको जनता ने राजनीति के संत की उपाधि दी, ऐसे पूज्य पिता स्वर्गीय कैलाश जोशी का स्मारक स्थल इस स्तर तक सरकार की राजनीतिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है, तो आम जनता का क्या हश्र हो रहा होगा? उन्होंने कहा कि जब अधिकारी एक पूर्व मुख्यमंत्री के स्मारक स्थल के कार्य को लेकर इतने उदासीन हैं तो जनता के कार्य क्या ही हो रहे होंगे?

जिस व्यक्तित्व के प्रकाश से बीजेपी का सूर्योदय हुआ,वे बाबूजी के स्मारक पर अपना चाल-चरित्र का चेहरा बता रहें हैं, तेजस्वी सम्मान खोजते नहीं गोत्र बतला के, पाते जग में प्रशस्ति करतब दिखला के हीनमूल की ओर देख जग गलत कहे या ठीक वीर खींच कर रहते हैं इतिहासों में लीक।

## तीन दिवसीय श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा संपन्न



**भोपाल।** राजधानी में आज श्री अटल सिद्धेश्वरी जन कल्याण समिति 60 क्वार्टर, तुलसी नगर में बृजला सचान पार्षद वार्ड क्र-31, अध्यक्ष जोन क्रमांक-7 में मर्यादा पुरूषोत्तम श्री रामदरबार प्राण प्रतिष्ठा समारोह हेतु आयोजित अलका आयोजन किया गया उपरांत हवन पुन कर प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन शामिल हुए।

## महापौर ने डामरीकरण का किया भूमिपूजन



भोपाल ।।आज नगर निगम आवासों का निरीक्षण श्याम नगर से प्रारंभ श्याम नगर, गंगा नगर, 12 ठुश स्टॉप की आवासों का निरीक्षण किया साथ ही वार्ड 49 में 30 लाख की लागत से डामरीकरण रोड का भूमिपूजन किया इस अवसर पर पार्षद बाबूलाल गौर, पूर्व पार्षद संतोष हिरवे एवम रहवासी उपस्थित रहे।

# 31 मई को सलकनपुर देवी महालोक का भूमिपूजन, प्रदेश भर के मंदिरों में लाइव दिखाया जाएगा शिलापूजन, 52 शक्तिपीठों से लाई जाएगी मिट्टी

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुधनी में स्थित सलकनपुर में देवी महालोक बनाया जा रहा है। सलकनपुर में 29 से 31 मई तक होने वाले देवी लोक महोत्सव की तैयारियों को लेकर सीएम हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान, किरार महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना सिंह चौहान ने मां विजयासन की चरण पादुका स्थापित कर रथ को रवाना किया। सीहोर जिले के गांवों में यह रथ घूमकर हर घर से एक ईंट संग्रहित करेगा। इन ईंटों को देवी महालोक के निर्माण में लगाया जाएगा।

**महिला - पुरुष भजन मंडलियों को एक-एक लाख के पुरुस्कार-** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 29-30 और 31 मई को मंदिर परिसर में अलग-अलग उत्सवों के आयोजन होंगे। 29 मई को कलश एवं व पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली, मिट्?टी के दीए सजाओ प्रतियोगिता। महिला भजन मंडलों के भजन, बहनों के भजन मंडल जो प्रथम, द्वितीय आएंगे उन्हें पुरुस्कार दिए जाएंगे। सीएम ने कलेक्टर से कहा मैं उपहार की राशि बदलकर 21 हजार से प्रथम पुरुस्कार एक लाख, द्वितीय 51 हजार और तृतीय पुरुस्कार 25 हजार रुपए बतौर पुरुस्कार स्वरूप दिए जाएंगे।



30 मई को 6 साल से 12 साल और 12 से 18 साल की बेटियों द्वारा माता का श्रृंगार किया जाएगा। 51 हजार दीपक प्रज्जवलित किए जाएंगे। इनको भी 21 हजार और 11 हजार के पुरुस्कार दिए जाएंगे। पुरुष भजन मंडलियों को प्रथम पुरुस्कार के लिए एक लाख तय किया था। पुरुषों को एक लाख 51 हजार बतौर प्रथम पुरुस्कार दिए जाएंगे। दूसरा पुरुस्कार एक लाख और तीसरा पुरुस्कार के तौर पर 51 हजार रुपए दिए जाएंगे।

**52 शक्तिपीठों से लाई जाएगी मिट्टी-** सीएम ने कहा- हम वैसे भी शिलान्यास कर सकते थे लेकिन मन में ये विचार आया कि सबकी एक-एक ईंट लगनी चाहिए। कम से कम एक ईंट मेरी भी लग जाए इसलिए सबसे सहयोग मांगा जाएगा। मां की शिला पूजन के लिए यात्राएं निकाली जाएंगी। 31 तारीख को प्रदेश के सारे मंदिरों में शिला पूजन, भूमिपूजन का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। 52 शक्तिपीठों से माटी लाई जाएगी। इनमें से एक शक्तिपीठ हमारे देश में नहीं हैं। जब आपके गांव में यह रथ आए तो आप लोग पूजन करके एक शिला भेंट करना।

**सीएम शिवराज ने मंत्रियों को दिया सलकनपुर आने का न्योता-** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कैबिनेट के सभी मंत्रियों को सलकनपुर देवी महा उत्सव में आने का न्योता दिया। सीएम ने कहा 31 मई को संतों को देवी लोक उत्सव के शिलान्यास में आमंत्रित किया। हर गांव में चुनरी यात्रा निकलनी चाहिए। हमारे गांव की चुनरी मैया के दरबार में जाएगी। शिला कलश यात्रा, स्वस्ति वाचन, कथा और देवी लोक के स्वरुप का वीडियो दिखाकर आतिशबाजी और भजन कीर्तन किए जाएंगे।

# सीएम शिवराज ने मंत्रियों के साथ देखी 'द केरला स्टोरी' बोले- झूठे प्रेम के जाल में फंस जाती हैं हमारी बेटियां, जिंदगी बन जाती है नरक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कैबिनेट मंत्रियों के साथ मंगलवार शाम करीब 8 बजे लव जिहाद और आतंकवाद पर बनी फिल्म द केरला स्टोरी देखने पहुंचे। भोपाल के अशोका लेक व्यू कैंपस में बने ओपन थिएटर में सीएम ने मंत्रियों के साथ फिल्म देखी। सीएम चौहान की पत्नी साधना सिंह और अन्य मंत्रियों के परिजन भी साथ थे। इस दौरान द केरला स्टोरी की अभिनेत्री अदा शर्मा और प्रोड्यूसर-डायरेक्टर विपुल शाह भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा- द केरला स्टोरी की पूरी टीम के साथ मैं अपनी टीम को लेकर फिल्म देखने आया हूं। इस फिल्म को सभी को देखना चाहिए। झूठे प्रेम के जाल में फंसकर हमारी बेटियां अंधेरी दुनिया में पहुंच जाती हैं, जिससे उनकी जिंदगी नरक बन जाती है। देश विरोधी कृत्यों में उन्हें फंसा दिया जाता है। यह बहुत उद्देश्यपूर्ण फिल्म है।

**समाज को जगाने की जरूरत-** द केरला स्टोरी को देखने के लिए गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री तुलसी सिलावट और जगदीश देवड़ा भी पहुंचे। सारंग ने कहा, %इस फिल्म के माध्यम से समाज को जगाने की जरूरत है। कांग्रेस और वामपंथी दलों के लोग जो ऐसी समस्याओं के पीछे हैं, वो लगातार फिल्म का विरोध कर रहे हैं। यह विरोध इस बात को इंगित करता है कि यदि देश में आतंकवाद और हमारी संस्कृति को मिटाने का षडयंत्र होता है तो उसके पीछे निश्चित रूप से कांग्रेस और वामदल ही हैं।%

**8 लाख इनकम वाले परिवार के बच्चों को मिलेगी स्कॉलरशिप-** इससे पहले मंगलवार दोपहर को हुई कैबिनेट बैठक में छात्रों की स्कॉलरशिप और मंदिरों के पुजारियों को लेकर अहम फैसले लिए गए। मध्यप्रदेश में अब 8 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले अनुसूचित जाति (स्ष्ट) परिवारों के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप दी जाएगी। अभी तक 6 लाख रुपए तक सालाना आय वाले परिवारों के बच्चों को इसका लाभ दिया जा रहा था। ऐसे सरकारी मंदिरों के पुजारी, जिनके पास 10 एकड़ तक खेती की जमीन है, इस जमीन से होने वाली आय का उपयोग खुद कर सकेंगे। बाकी जमीन को कलेक्टर को जानकारी देकर नीलाम भी किया जा सकेगा। इससे होने वाली आय मंदिर के खाते में जमा होगी।

**पंचायतों में लैंड ट्रांसफर टैक्स नहीं लिया जाएगा-** कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पंचायतों में लैंड ट्रांसफर टैक्स नहीं लिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भ्रम की स्थिति न रहे। ऐसा विषय सामने आ रहा था कि भोपाल के आसपास की पंचायतों में जमीनों के हस्तांतरण पर टैक्स लगाया जाएगा। इस भ्रम को अब दूर कर दिया गया है। अगर कोई आदेश निकला भी है, तो उसे वापस लिया जाएगा।

## वेतन देने की मांग को लेकर कर्मचारी नेता अशोक वर्मा ने दिया निगमायुक्त कक्ष के बाहर धरना

**भोपाल ।** नगर निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हर महीने ही वेतन देरी से मिलने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियो का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर कर्मचारी कई बाद अपनी नाराजगी भी जता चुके है, लेकिन फिर भी निगम अधिकारियो द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इस माह भी कर्मचारियो को आधा महीना बीत जाने पर भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसे लेकर कर्मचारी नेता अशोक वर्मा ने निगमायुक्त कक्ष के बाहर धरना दे



दिया। इसकी जानकारी लगने पर आयुक्त के वी एस चौधरी ने उन्हें तुरंत ही चर्चा के लिये बुलाया। अशोक वर्मा ने निगमायुक्त को समय पर वेतन न मिलने से कर्मचारियो को होने वाली परेशानियो से अवगत कराते हुए कहा कि निगम ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे हर माह निगम कर्मियों को समय पर वेतन प्राप्त हो। इससे वह अनेक परेशानियों का सामना करने से बच जाएगें। अशोक वर्मा ने निगमायुक्त को बताया कि पूरे मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में कर्मचारियो को वेतन भुगतान हर महीने समय पर कर दिया जाता है, तो फिर यह लेटलतीफी आखिर नगर निगम भोपाल में ही क्यो हो रही रही है। आयुक्त के वी एस चौधरी ने उनकी समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अपने प्रतिनिधि के तौर पर अपर आयुक्त शास्वत मीणा को नियुक्त कर उनसे चर्चा करते हुए हर महीने समय पर वेतन भुगतान किये जाने के निर्देश दिये, साथ ही वेतन में होने वाली देरी को लेकर भी जानकारी मांगी।

### कलेक्टर कार्यालय में विश्व रक्तचाप दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## आम जनता की स्वास्थ जांच के लिए जगह-जगह शिविर लगाए जाए: कलेक्टर



**भोपाल ।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय सहित शहर में लगभग 50 जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए गए जिसमें कर्मचारियों सहित आम नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और इन्हें स्वस्थ रहने की सलाह दी गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित शिविर में स्वास्थ जांच के दौरान निर्देश दिए की आम जनता और युवाओं के स्वास्थ जांच के लिए शहरी क्षेत्र में भी ऐसे शिविर लगाए जाए। जिससे लोगो को अपने स्वास्थ के प्रति जागरूकता आए और पहले से स्वास्थ जांच होने पर बीमारी के प्रति सचेत हो जाए। इसके साथ ही शासकीय कर्मचारी के साथ स्वच्छता योद्धा के लिए माह में एक बार स्वास्थ जांच शिविर लगाए जाए।




## नाथ योगी जोगी समाज को भी राजनीति में मिले अपने अधिकार: संतोष योगी

**भोपाल।** सरकार ने सभी समाजों का बोर्ड बनाया लेकिन हमारी समाज का बोर्ड नहीं बनाया हम शांतिप्रिय लोग हैं और कोई शक्ति प्रदर्शन करना नहीं चाहते नाथ योगी समाज अत्यंत गरीब समाज है और अपना



जीवन यापन कर रही है लेकिन किसी भी सरकार ने आज तक इस समाज के लिए कोई भी सुविधा नहीं प्रदान की है आदिकाल से रहने वाली नाथ समाज आखिर अपने अधिकारों से वंचित क्यों नाथ योगी जोगी समाज ने भी राजनीति में प्रतिनिधि मागा है कम से कम मध्यप्रदेश में 50 लाख की आबादी वाली नाथ समाज ने भी राजनीति में हिस्सेदारी की मांग कर रही है पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय नाथ योगी समाज मध्य प्रदेश संतोष योगी।




